

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -158 जबलपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# पुरी में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भगदड़, दो श्रद्धालुओं की मौत, 150 से अधिक अस्पताल में भर्ती






पुरी।(आरएनएस)। भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथ यात्रा के दौरान गुरुवार को पुरी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। मरिचिकोट चौक के पास अचानक बढ़ी भीड़ के कारण अफरा-तफरी मच गई, जिससे दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। प्रशासन के अनुसार, अत्यधिक भीड़ और दम घुटने की स्थिति के चलते यह हादसा हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर करीब दो बजे रथ यात्रा देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मरिचिकोट चौक के आसपास जमा हो गए थे। इसी दौरान भीड़ का दबाव बढ़ने से कुछ लोग संतुलन खो बैठे और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

**दो श्रद्धालु बेहोश होकर गिर पड़े**

घटना के दौरान दो श्रद्धालु बेहोश होकर गिर पड़े, जिन्हें तुरंत पुरी जिला मुख्य अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**मृतकों की पहचान नहीं हुई**

अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भारी बारिश में भी लगभग 12 लाख लोग मौजूद थे; सरकार बोली- कोई भगदड़ नहीं हुई

**150 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज जारी**

रथ यात्रा के दौरान भीषण गर्मी, भीड़ के दबाव और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के कारण 150 से ज्यादा श्रद्धालुओं को पुरी जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आने और थकावट की शिकायत हुई।

**प्रशासन ने बढ़ाई सुरक्षा**

हादसे के बाद प्रशासन ने मरिचिकोट चौक और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग बढ़ाई गई है।



रथयात्रा में भगदड़ पाहिंडी रस्म के दौरान हुई, जब भगवान के विग्रह रथ पर लाए जा रहे थे। - रथयात्रा में भगदड़ पाहिंडी रस्म के दौरान हुई, जब भगवान के विग्रह रथ पर लाए जा रहे थे।

ओडिशा के पुरी में गुरुवार को जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। शाम 5 बजे पहांडी रस्म के दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए अचानक लोग रथों के पास जाने लगे। यात्रा रूट पर मौजूद वॉलेंटियर लोगों को पीछे हटा रहे थे। तभी भीड़ में धक्का-मुक्की होने लगी। इससे अफरा-तफरी मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे।रथयात्रा शुरू होने के समय पुरी में तेज बारिश हो रही थी। इसके बावजूद लगभग 12 लाख से ज्यादा लोग यात्रा रूट पर मौजूद थे। सांस लेने में तकलीफ के बाद कई लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक रथ यात्रा का आयोजन शांतिपूर्ण, व्यवस्थित रहा। भगदड़ जैसी कोई अव्यवस्था नहीं हुई। हालांकि भीड़ के कारण एक व्यक्ति की मौत हुई, कारणों का पता लगाया जा रहा है। इधर, शाम करीब 7.30 बजे भगवान जगन्नाथ का रथ आगे बढ़ा, कुछ ही मीटर चलने के बाद पहले दिन की यात्रा रोक दी गई। रथयात्रा कल सुबह 9.30 बजे दोबारा शुरू होगी और गुंडीचा मंदिर तक जाएगी।

## मौलाना जरजिस अंसारी ने फिर दिया विवादित बयान

# भगवान कृष्ण दिन में 5 बार नमाज अदा करते थे

नई दिल्ली-(आरएनएस)। सोशल मीडिया पर मौलाना जरजिस अंसारी का एक वीडियो वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इस वीडियो में वे दावा करते दिख रहे हैं कि भगवान कृष्ण एक मुसलमान थे और दिन में पांच बार नमाज़ पढ़ते थे। बताया जा रहा है कि यह वीडियो 23 जून को झारखंड में दिए गए एक धार्मिक भाषण का है। कृष्ण जन्मभूमि विवाद के बीच यह वीडियो फिर से सामने आया है, जिससे कई हिंदू संगठनों ने विरोध जताया है और मौलवी की गिरफ्तारी की मांग की है।

अपने भाषण के दौरान, अंसारी ने भगवद् गीता का एक श्लोक उद्धृत किया योगी युंजिता सततम् आत्मनम् रहसि स्थित:, एकाकी यत-चित्तात्मा निराशिर अपरिग्रह: और दावा किया कि इसमें भक्तों को संपूर्ण शरीर से उपासना करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि स्वयं भगवान कृष्ण दिन में पांच बार उपासना करते थे।



अंसारी ने श्लोक सुनाने से पहले कहा यदि हमारे भाइयों को कोई आपत्ति न हो, तो कृष्ण जी भी दिन में पांच बार उपासना करते थे। यदि आपको विश्वास न हो, तो श्री भगवद् गीता के छठे अध्याय का दसवां श्लोक देखिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर हिंदू अपने धर्मग्रंथों का बारीकी से अध्ययन करें, तो वे इस्लाम से प्यार करने लगेंगे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस्लाम एक सार्वभौमिक धर्म है, जिसका उपदेश न केवल पैगंबर मुहम्मद ने दिया था, बल्कि भगवान राम और भगवान कृष्ण ने भी दिया था। उन्होंने कहा अगर हिंदू अपनी किताबें पढ़ें तो मेरा मानना ??है कि वे इस्लाम से प्यार करने लगेंगे। क्योंकि इस्लाम दुनिया का धर्म है। यह सिर्फ़ मुसलमानों का धर्म नहीं है। रामचंद्र जी ने भी इस धर्म को पेश किया है। कृष्ण जी ने भी इसे पेश किया है। हालांकि, इस श्लोक के बारे में अंसारी की व्याख्या इसके स्वीकृत अर्थ से मेल नहीं खाती। भगवद्गीता के छठे अध्याय के 10वें श्लोक का अनुवाद है योगी को एकांत में रहकर, अकेले, मन और स्वयं को नियंत्रण में रखते हुए, इच्छाओं और मोह-माया से मुक्त होकर लगातार ध्यान में लीन रहना चाहिए।

## मध्य प्रदेश को मिले 20193 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 27 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार-सीएम मोहन यादव



भोपाल/नई दिल्ली।(आरएनएस)। हमारे मध्यप्रदेश में लेबर की कोई प्रॉब्लम नहीं होती। अगर कोई उद्योगपति यहां उद्योग लगाकर 10-20 साल कहीं और कुछ करना चाहे तो उसके उद्योग को कुछ नहीं होगा। प्रदेश की जनता अपने काम को अच्छे से करना और निभाना जानती है। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। सीएम डॉ. यादव 16 जुलाई को नई दिल्ली की होटल द लीला पैलेस में आयोजित %इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्म्युनिटीज इन मध्यप्रदेश को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कई उद्योगपतियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ निवेश संबंधी एमओयू साझा किए गए।

बता दें, राज्य ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स-2026 तथा इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश के माध्यम से निवेश आकर्षित करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दोनों आयोजनों में प्रदेश को 20 हजार 193 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों से लगभग 27 हजार 592 लोगों के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। दोनों कार्यक्रमों में सीएम डॉ. यादव ने निवेशकों-उद्योगपतियों और वैश्विक ब्रांड के प्रतिनिधियों से गहन चर्चा की। उन्होंने सभी को जनवरी-2027 में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लेने का आमंत्रण दिया।

## दतिया उपचुनाव-राजनीतिक भंवर में फंसे नरोत्तम मिश्रा, भाजपा की जीत-हार दोनों ही पड़ेगी भारी



दतिया। (आरएनएस) ।दतिया विधानसभा उपचुनाव में चुनावी मैदान से बाहर किए जाने के बाद पूर्व गृहमंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा राजनीतिक भंवर में फंस गए हैं। दरअसल, टिकट न दिए जाने के बाद उनके समर्थकों ने जिस तरह खुले तौर पर अभूतपूर्व हंगामा किया, उससे भाजपा की जीत और हार दोनों स्थिति में उनकी परेशानी बढ़ने की चर्चा है। हार हुई तो पर भीतरघात का ठीकरा फूटना तय है, क्योंकि हालिया घटनाक्रम के बाद आरोपों का खंडन करना अब आसान नहीं होगा। वहीं जीत की स्थिति में पार्टी को, नरोत्तम को टिकट न देने के अपने फैसले को सही ठहराने की वजह मिल जाएगी। इस उपचुनाव में भाजपा ने पूर्व गृहमंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटकर संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। टिकट कटने के बाद जिस तरह से नरोत्तम मिश्रा समर्थकों ने बवाल किया, वह व्यक्तिगत स्तर पर भले ही उनके लिए शक्ति प्रदर्शन रहा पर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे संगठन स्तर पर उनका जो नुकसान हुआ है,

## भाजपा चाहती थी मुझे हार्ट अटैक आ जाए-मैं तब तक जिंदा रहूंगी, जब तक उनका अंत न हो जाए-ममता

कोलकाता-(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता ने बुधवार को एक वीडियो मैसेज जारी किया। उन्होंने इस मैसेज में तृणमूल में जारी फूट पर भी अपना पक्ष रखा। ममता ने कहा- जो लोग जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। मैंने 2006 में तृणमूल को फिर से खड़ा किया था, तो मैं 2026 में भी ऐसा कर सकती हूं। दरअसल तृणमूल के सीनियर लीडर मदन मित्रा बुधवार को ममता बनर्जी का गुट छोड़ ऋतब्रत बनर्जी के बागी गुट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने विधायक पद नहीं छोड़ा है।मदन मित्रा ने यह कदम तब उठाया, जब उनके ऊपर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा कस रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को ईडी ने मदन मित्रा की पत्नी और उनके दो बेटों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। ममता ने वीडियो



मैसेज में कहा- कुछ लोगों को धमकाया जा रहा है। आज भी एक व्यक्ति ने पार्टी छोड़ दी। उसने कल मुझसे कहा कि उसके परिवार को धमकाया जा रहा है। वे बोलीं- आज अभिषेक बागी नेताओं के लिए बुरे हैं। उनकी पत्नी अपने बच्चों के साथ ●●● के पास गई थीं। वह चाहते तो सेटिंग करके राहत पा सकते थे। उन्होंने उससे उबरकर दिखाया क्योंकि वह एक शेर की तरह लड़ रहे हैं। ममता ने कहा कि हमें हराया गया। मैं पुलिस का सम्मान करती हूं, लेकिन वे ●●● कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। हमारे नेताओं को धमका रहे हैं। अगर मैंने सेटिंग की होती तो यह सब नहीं झेलना पड़ता, लेकिन मैं अपना जमीर नहीं बेचती। मदन मित्रा ने कहा- पार्टी डूब रही है, लोगों की जान जा रही है, लेकिन टीएमसी सिर्फ अभिषेक को बचाने में लगी है।

### बंगाल की खाड़ी में दो हादसों पर सनसनीखेज खुलासा

## समंदर में मची चीख-पुकार! 500 से ज्यादा रोहिंग्या डूबे



रोहिंग्या -(आरएनएस)। म्यांमार के तट के पास बंगाल की खाड़ी में रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही दो नावों के डूबने से 500 से ज़्यादा लोगों की मौत की आशंका है। इसके बाद ह ने चेतावनी दी है कि यह हाल के वर्षों में इस सताए हुए अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी सबसे घातक समुद्री त्रासदियों में से एक हो सकती है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइज़ेशन फ़ॉर माइग्रेशन और ह हाई कमिश्नर फ़ॉर रिफ़्यूजीज़ ( ने कहा कि हालांकि इन घटनाओं और मरने वालों की संख्या की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन वे जान-माल के इस संभावित भारी नुकसान को लेकर बहुत चिंतित हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ये नावें जून के आखिर में म्यांमार के संघर्ष-ग्रस्त रखाइन राज्य से रवाना हुई थीं। कुछ यात्रियों ने पड़ोसी देश बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों से भी यात्रा की थी। माना जा रहा है कि एक नाव, जिसमें करीब 250 लोग सवार थे, यात्रा शुरू करने के कुछ ही समय बाद संपर्क से बाहर हो गई, जबकि दूसरी नाव, जिसमें अनुमानित 280 यात्री थे, 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास पलट गई। एजेंसियों ने एक संयुक्त बयान में कहा हालांकि इन घटनाओं और हताहतों की संख्या की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन संभावित रूप से बड़े पैमाने पर हुई जान-माल की हानि को लेकर बेहद चिंतित हैं। यह दुखद घटना ऐसे समय में हुई है जब रोहिंग्या लोग समुद्र के रास्ते यात्रा करने की कोशिश बहुत कम करते हैं, क्योंकि मॉनसून के कारण बंगाल की खाड़ी का इलाका बेहद खतरनाक हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने कहा कि इस इलाके में मूसलाधार बारिश और बड़े पैमाने पर आई

### भिलाई में दर्दनाक सड़क हादसा

## ऑक्सीजन सिलेंडर वाले ट्रैक्टर से टकराई स्कूटी एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

भिलाई-(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई.3 थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को एक बेहद दुखद और हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है यहां एक खड़ी ट्रैक्टर से स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गईए जिसमें स्कूटी सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई इस हादसे में 8 साल का एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ हैण्पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक अमृत निर्मलकर ;28 वर्ष अपनी स्कूटी पर सवार होकर अपने परिवार के साथ रायपुर के बसंत विहार स्थित अपने मामा के घर जा रही थीं इसी दौरान हाईवे पर खड़े आक्सीजन सिलिंडरों से लदे एक ट्रैक्टर के पिछले हिस्से से उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर टकरा गई टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए

इस भीषण टक्कर के कारण स्कूटी पर सवार अमृत निर्मलकर ;28 लक्ष्मी निर्मलकर ;26 यासना ;7 और डाली ;4 ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दियाण् वहीं 8 वर्षीय बालक भावेश इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गयाण्

### भोपाल में अंधविश्वास की खौफनाक बलि...

## गढ़े धन के लालच में सगे पिता ने की इकलौती बेटी की हत्या, तांत्रिक फरार

भोपाल।(आरएनएस)। सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र में अंधविश्वास और गढ़े धन के लालच ने एक पिता को इतना निर्दयी बना दिया कि उसने अपनी ही इकलौती नाबालिग बेटी की बलि चढ़ा दी। अनुष्ठान के बहाने रात में खेत पर ले जाकर पहले उसके सिर पर डंडा मारा, फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को पड़ोसी के खेत में दफना दिया और अगले दिन पुलिस में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराकर खुद को बेगुनाह साबित करने की कोशिश करता रहा।

करीब एक महीने बाद खेत की जुताई के दौरान कंकाल मिलने से मामला हत्या में बदल गया। घटना के बाद फरार हुए आरोपित पिता को पुलिस ने लगभग तीन महीने बाद विदिशा जिले के गंजबासौदा से गिरफ्तार कर लिया। मामले में दो अन्य आरोपित अब भी फरार हैं।

**गढ़े धन के लालच में तांत्रिक को बुलाया**

एसपी पंकज पांडे के अनुसार आरोपित मजदूर सूखीसेवनिया क्षेत्र में एक किसान के खेत की रखवाली और मजदूरी करता है। मार्च 2025 में उसके एक रिश्तेदार ने खेत की मेढ़ पर पुरानी ईंटें देखकर दावा किया कि वहां जमीन में सोने-चांदी के पुराने सिक्के और खजाना दबा हुआ है। इसके बाद पास के गांव से एक जानिया (तांत्रिक) को बुलाया गया। दो अप्रैल की रात करीब 11 बजे तांत्रिक खेत पर पहुंचा। उस समय आरोपित की पत्नी, दोनों बेटे और बेटी खेत में ही सो रहे थे।

तांत्रिक के कहने पर पिता चुपचाप अपनी बेटी को उठाकर खेत की मेढ़ पर ले गया। वहां अगरबत्ती जलाकर अनुष्ठान शुरू किया गया।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। केन्ट थानान्तर्गत हेलटगंज सदर में रहने वाले नीलेश उर्फ बच्चा पर क्षेत्र के बदमाशों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले में नीलेश के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। नीलेश एक पुराने प्रकरण में जेल से जमान पर छूटकर घर आए थे, इस बात का पता चलते ही बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है पुलिस के अनुसार हेलटगंज सदर निवासी नीलेश उर्फ बच्चा एक पुराने प्रकरण में जेल से जमानत पर छूटे और अपने परिचित शुभम के साथ घर वापस आए थे। बीती रात 12 बजे के लगभग नीरज घूमकर अपने दोस्त शुभम के साथ घर आया।

## साहू समाज द्वारा वर्ष 1890 से अनवरत निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

# भव्य और दिव्य रथ में सवार होकर, भक्तो को दर्शन देने निकले भगवान जगन्नाथ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जगन्नाथ पूरी की तरह ही जबलपुर में रथयात्रा का इतिहास वर्षों पुराना है, यहाँ भी भगवान जगदीश के मंदिरो से आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट द्वारा भी विगत 136 वर्षों से अनवरत भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है, यह यात्रा का 137 वां वर्ष है।

साहू समाज द्वारा निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक से प्रारम्भ हुई जो चरहाई, बड़े महावीर मंदिर, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा चौक, कोतवाली, मिलोनीगंज, घोड़ा नक्कास, हनुमानताल होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर पहुंची, जहाँ सिंह वाहनी मंदिर में भगवान को विराजित कर आरती पूजन किया गया। साहू समाज के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया हमारे पूर्वज जब जगन्नाथ पुरी तीर्थ दर्शन को गए तब उन्हें भी लगा कि जबलपुर में भी भगवान का मंदिर होना चाहिए और यहाँ भी रथयात्रा का आयोजन होना चाहिए, और उन्होंने 137 वर्ष पूर्व छोटे रूप में रथयात्रा की शुरुआत की जो आज वृहत रूप लें चुकी है। भगवान की काष्ठ प्रतिमा जगन्नाथ पुरी में स्थापित प्रतिमा की लकड़ी से बनी – श्री साहू ने बताया हमारे मंदिर में स्थापित भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र एवं बहिन देवी सुभद्रा की काष्ठ प्रतिमायें उसी लकड़ी से निर्मित हुई है जिनसे जगन्नाथ पुरी में स्थापित प्रतिमा का निर्माण हुआ था.

इन्होने की शुरुआत – साहू समाज द्वारा जगन्नाथ रथयात्रा की शुरुआत स्व. वीरनलाल चौधरी, स्व नारायण प्रसाद मेहते, स्व बाबूलाल साहू, स्व खित्तेलाल मेट, स्व भगोले लाल साहू, ने की जिसे उनकी अगली पीढ़ी के स्वर्गीय लल्लूलाल मेहते, स्व चौधरी वीरन साहू, स्व चौधरी दुलीचंद साहू, स्व कोठिया लल्लूलाल साहू, स्व सरतारे लाल साहू ने आगे बढ़ाया.

अब चौधरी मुकेश कुमार साहू, मुखिया मेहते राजेंद्र साहू, रविशंकर साहू, हरीश कुमार साहू, नरेन्द्र साहू, रवि मेहते कोठिया चंद्रशेखर साहू, राकेश साहू, राजेश साहू पप्पू, कोठिया श्रीकान्त साहू, सुरेश साहू, उमाशंकर साहू, निशांत साहू, विशाल साहू, आकाश साहू, चेतन साहू, आदित्य साहू इस परंपरा को आगे लें जा रहे है.

साहू धर्मशाला गढ़ा फाटक स्थित अस्थाई मंदिर में प्रात: 6 बजे भगवान के श्रृंगार के पश्चात पूजन अर्चन किया गया इसके बाद लगातार श्रद्धांलुओं न मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किये.

रथयात्रा महोत्सव के मुख्य अतिथि जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन के साथ सभी सामाजिक जनों एवं भक्तो ने महाआरती की. 12 दिनों तक भाई बहिन के साथ मौसी के घर में मेहमानी करेंगे भगवान – रथयात्रा में भक्तो को दर्शन देते हुए भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने भाई बलभद्र, बहिन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर में 12 दिनों तक मेहमानी करेंगे. श्रीकान्त साहू ने बताया जिस तरह जगन्नाथ पुरी में भगवान गुंडीचा मंदिर स्थित अपनी मौसी के घर में मेहमान बनते है उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए साहू समाज ने भी रथयात्रा के बाद भगवान को बड़ी खेरमाई स्थित सिंहवाहनी मंदिर को भगवान की मौसी के घर के रूप माना है और 12 दिनों तक भगवान वहां विराजित रहेंगे इसके बाद गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को वापसी रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक लखन घनघोरिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू, तेलघानी बोर्ड पूर्व अध्यक्ष रविकिरण साहू, पूर्व विधायक शरद जैन, विनय सक्सेना, धीरज पटेरिया, एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू, पंकज दुबे, सोनू बचवानी, रंजीत पटेल, मुकेश चौधरी, राधेश्याम साहू, रविशंकर साहू, हरीश साहू, नरेन्द्र साहू, राजेश साहू, मनीष साहू, आभा दीपक साहू, वीरेंद्र साहू, उमेश साहू, डॉ पुरुषोत्तम साहू, रवि मेहते, चंद्रशेखर साहू, राकेश साहू, राजेंद्र साहू, सुधीर साहू, रमेश साहू, निशांत साहू, विशाल साहू, आकाश साहू, पंकज साहू शिवम साहू, विमलेश साहू, सरिता साहू, नीतू साहू, समता साहू, प्रियंका साहू, आशा साहू, निधि साहू, विनीत तिवारी, प्रमोद चोहटेल, रवि शर्मा, विक्रम परवार, देशराज सिंह, के साथ गणमान्य जन शामिल हुए।

### स्वामी जगन्नाथ रथ यात्रा की हुई भव्य महाआरती



जबलपुर –जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बड़े फुहारा पर आयुर्वेदिक दवाई की दुकान खुन्नेलाल एंड कंपनी के सामने 11 रथों की एक साथ भव्य स्वागत एवं 5 महाआरतीयो से आरती हुई फिर संतो द्वारा स्वर्णमयी झाड़ू से रास्ता बुहारा गया सन 1984 से लगतर जारी है

नर्मदा महा आरती के संस्थापक एवं रथ यात्रा स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया आज की रथ यात्रा को नरसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु नरसिंह दास महाराज जगद्गुरु राजारमाचार्य जी महाराज स्वामी पगलानंद महाराज स्वामी चंद्रशेखरनंद महाराज राम जीशरण जी महाराज पं रोहित दुबे अनूप देव जी महाराज योगी महंत राजेश दास महाराज भागवतचार्य योगेंद्र महाराज की अगुवाई में निकाली गई स्वागत समिति के शरद अग्रवाल के द्वारा खिचड़ी का महाभोग मीठा भात भक्तों को बांटा गया जगदीश मंदिर गड़ाफाटक साहू समाज हनुमान ताल बंगाली क्लब विट्ठल रघुराई मंदिर सहित कई मंदिरों के रथ एक साथ निकाले गए बैंड बाजा दुलदुल घोड़ी झांकियां आदि शामिल हुई इस अवसर पर स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं नर्मदा महाआरती ग्वारीघाट के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल वरिष्ठ प्रचारक भागचंद रावले विष्णु कांत ठाकुर सह संकीर्तचार्य श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान प्रवेश खेड़ा शोभाराम गोटिया संकीर्तचार्य सुरेश विश्वकर्मा मनोज नामदेव आदि उपस्थित रहे

# भजन कीर्तन के साथ निकली भगवान जगनाथ स्वामी की 259 वीं रथ यात्रा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास, गढ़ाफाटक,जबलपुर के तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की 259वीं भव्य रथ यात्रा अविस्मरणीय रही।श्रद्धा,भक्ति एवं उल्लास के वातावरण में परम पू.जगतगुरु स्वामी राघव देवाचार्य जी महाराज,डॉ. गिरजानंद जी महाराज एवं ज्योतिषाचार्य पं.देवेंद्र त्रिपाठी एवं पुजारी देवेंद्र त्रिपाठी के सानिध्य में भगवान जगन्नाथ स्वामी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन महाआरती कर यात्रा 1 बजे प्रस्थान हुई।

ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के संकीर्तन की स्वर लहरियां की गूंज के साथ हजारों श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया सभी भक्तजनों को रस्सी खींचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूरा जबलपुर जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा,ऐसा लगा मानो संस्कारधानी स्वयं जगन्नाथ पूरी बन गई हो।जगन्नाथ स्वामी का रथ निर्धारित मार्ग से होकर गढ़ाफाटक स्थित मौसी माँ मंदिर हनुमान अखाड़ा पहुँची,जहाँ प्रभु 10 दिनों तक विश्राम करेंगे। इस अवधि में प्रतिदिन दर्शन,पूजन एवं चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा प्रात: 8.30 से 9.30 बजे तक प्रभु के समकक्ष हरिनाम संकीर्तन होगा। रथ यात्रा के दौरान सम्पूर्ण संस्कारधानी भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दी। यह ऐतिहासिक रथ यात्रा वर्षों से नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र रही है। मंदिर प्रांगण में समस्त श्रद्धालु भक्तों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर न्यासी राजकुमार साहू,प्रबंधक मोहित तिवारी,अच्युतेंद्र बघेल,पं.मनमोहन दुबे,देवेंद्र नेमा, परसराम उपाध्यायअतुल कुमार पटेल,मोहित लोधी,नितिन चौबे सत्यप्रकाश नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# जबलपुर विकास प्राधिकरण के डिजिटलीकरण को गति देने के निर्देश



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, आधुनिक एवं जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के फ्रडिजिटल इंडियाफ्र विजन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन, पारदर्शिता एवं तकनीक आधारित प्रशासन के संकल्प के अनुरूप जबलपुर विकास प्राधिकरण में डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से नागरिकों को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि प्राधिकरण की विभिन्न प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता बढ़े, समय की बचत हो तथा आम नागरिकों को कार्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल अभिलेख प्रबंधन, ई-ऑफिस प्रणाली, फाइल ट्रैकिंग एवं अन्य नागरिक सेवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

अध्यक्ष ने कहा कि डिजिटलीकरण केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि नागरिक-केंद्रित, जवाबदेह एवं प्रभावी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर विशेष बल दिया।

बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री प्रशांत केशरवानी, कार्यपालन यंत्री श्री संजय खरे, वित्त अधिकारी श्री प्रशांत गोंटिया, भू-अर्जन अधिकारी श्रीमती पूजा तिवारी तथा संपदाधिकारी श्रीमती रीति सोनवे सहित प्रमुख अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री लगभग 26,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब का दौरा करेंगे। सुबह लगभग 11 बजे, प्रधानमंत्री जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 11=30 बजे जींद के एकलव्य स्टेडियम में लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री चंडीगढ़ जाएंगे, जहां दोपहर करीब 1=45 बजे वे 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री जालंधर पहुंचेंगे, जहां वे 5,470 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री जिंद में प्रधानमंत्री जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन-चालित ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जो रेलवे क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में ही डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत की गई यह ट्रेन स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विकसित की गई है, जो उन्नत रेलवे इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। इसके साथ ही, भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाएगा जिनके पास हाइड्रोजन-चालित ट्रेनें परिचालन में हैं।

# भारत की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन लगभग 2,600 यात्रियों की क्षमता के साथ सतत रेल परिवहन को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है

## हाइड्रोजन की धुआं रहित शक्ति भारतीय रेलवे को और अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने में सहायक है क्योंकि यह नई पीढ़ी की ट्रेनों को शक्ति प्रदान करती है



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेलवे देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए तैयार है। यह ट्रेन सबसे स्वच्छ ईंधन हाइड्रोजन का उपयोग करके स्वयं बिजली उत्पन्न करती है। उपयोग के समय इससे लगभग शून्य उत्सर्जन होता है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे द्वारा ट्रेनों को चलाने के तरीके में हुए विकास का एक नया अध्याय है, जो कोयले और भाप से स्वच्छ, अधिक टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की ओर भारत की व्यापक यात्रा को दर्शाता है।

पिछले 12 वर्षों में तीव्र विद्युतीकरण ने आयातित डीजल पर निर्भरता को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे स्वच्छ रेल परिवहन में अगली प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। आज, 99 प्रतिशत से अधिक ब्रॉड गेज मार्गों के विद्युतीकरण के साथ, भारतीय रेलवे इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ रहा है। ओवरहेड लाइनों से बिजली लेने वाली पारंपरिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों के विपरीत, हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रेनसेट हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक प्रतिक्रिया के माध्यम से ट्रेन के अंदर ही बिजली उत्पन्न करती है, जिसमें जल वाष्प एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में उत्पन्न होता है। एक तरह से देखा जाए तो, यह ट्रेन एक बार फिर से अपने ऊर्जा स्रोत का इस्तेमाल खुद करती है, जैसे कभी भाप और डीजल से चलने वाले इंजन करते थे। लेकिन कोयले या डीजल जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने के बजाय, हाइड्रोजन वायुमंडल से ऑक्सीजन लेकर ट्रेन के अंदर बिजली पैदा करता है, जिससे दहन और बाहरी बिजली आपूर्ति पर निर्भरता खत्म हो जाती है। चूंकि स्वच्छ हाइड्रोजन तकनीक से ट्रेन के अंदर ही बिजली पैदा होती है, इसलिए यह ट्रेन रेल परिवहन का सबसे पर्यावरण-अनुकूल रूप है, जो सतत गतिशीलता के भविष्य को शक्ति प्रदान करती है। इस उन्नत प्रणोदन प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए, देश ने ट्रेन में बहुस्तरीय सुरक्षा प्रणालियां लगाई हैं जो हाइड्रोजन रिसाव, गर्मी, आग और धुएं का पता लगाने में सक्षम हैं। जिंद-सोनीपत खंड पर 75 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति और 110 किमी प्रति घंटे की डिज़ाइन गति के साथ, यह ट्रेन न केवल सुरक्षित है बल्कि 89 किमी के इस मार्ग पर तेज भी है।

# स्टेट बार कौंसिल ने 992 नये एडवोकेट किये नामांकित

जबलपुर। म.प्र. में अधिवक्ताओ की सर्वोच्च संस्था मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में प्रदेश भर से नये अधिवक्ता बनने आये आवेदनों पर विशेष समिति के द्वारा विचार किया गया। परिषद के सचिव आशीष आनन्द ने बताया कि आयोजित बैठक मे विशेष समिति के अध्यक्ष व महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह, सदस्य दीपेन्द्र कुशवाह, सदस्य सुयश मोहन गुरू ने 992 आवेदनो पर मुहर लगाते हुये उन्हे नये अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया, साथ ही निलंबित 8 अधिवक्ताओ के आवेदनों पर भी विचार कर उनका रिजम्पशन किया गया। विशेष समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने सभी नये नामांकित अधिवक्ताओ को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाये दी। सभी नये नामांकित अधिवक्ताओ से अनुरोध किया गया है कि वे अपना-अपना नामांकन प्रावधिक प्रमाण पत्र परिषद की वेबसाइट 222.ह्यड्ढष्थ्द्बद्बश्च.श्रह्द.द्बठ्ठ से डाउन लोड कर प्राप्त कर सकते हैं। बैठक मे कार्यालय के प्रभारी अधीक्षक नीलेश जैन, नामांकन प्रभारी अशरफ अली व अंकित सेन का सहयोग रहा 7

# सावन मास की संग्रांद पर गुरुद्वारों में गूंजी गुरुवाणी -सेवादारों का हुआ सम्मान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सावन मास की पवित्र संग्रांद के मौके पर आज नगर के गुरुद्वारों में दिनभर गुरुवाणी शबद कीर्तन की गूंज रही। इस अवसर पर भव्य कीर्तन दरबार लगे और गुरु का लंगर वितरित किया गया। गुरुद्वारा गोरखपुर में रागी जत्था भाई बलजीत सिंह एवं साजिंदे साथियों ने गुरु नानक देव जी की पवित्र गुरुवाणी सावन सरसी कामणी चरण कमल सियू प्यार, मन तन रता सच रंग इको नाम आधार का सरस गायन कर साध संगत को रसविभोर कर दिया। प्रधान रजिंदर सिंह छावड़ा ने शाल एवं सिरोपा प्रदान कर डा. अलकेश खत्री, डा. आर के साहू एवं विभिन्न सेवादारों को शाल एवं सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया। मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की ने संचालन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने मुखवाक श्रावण करवाया।

आज शुक्रवार को प्रात: 7.30 तथा रात्रि 8 बजे से गोरखपुर में अनहद वाणी जत्था, बडू साहिब, हिमाचल प्रदेश तथा 19 ता. को रात्रि 8 बजे से हरिमंदिर साहिब स्वर्णमंदिर अमृतसर पंजाब का हुजूरी रागी जत्था भाई सिमरप्रीत सिंह गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेगा । तदोपरांत गुरु का लंगर वितरित होगा ।

## थाने के बाहर पीड़ित द्वारा खुद को आग लगाने के मामले मे एसपी प्रतिवेदन दें- मा.अ.आयोग

जबलपुर – शहर के माढ़ोताल थाने के बाहर एक 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा खुद के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। पीडित व?यक्ति कठोन्दा के प्रभात नगर निवासी पूनाराम लोनिया विगत 5 जुलाई को किसी मामले में पुलिस थाने रिपोर्ट लिखवाने पहुंचा था, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं होने से हताश व परेशान होकर उसने आत्महत्या करने के उद्देश्य से खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। पीडित की नाजुक हालत देखकर राहगीरों ने उपचाराथ मेडिकल मे भर्ती कराया था । मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रिय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया की मीडिया रिपोर्ट के आधार पर मामले की गंभीरता को देखते हुये, जनहित में संज्ञान लेकर मध?यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुये, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।



भोपाल -ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश ने विद्युत क्षेत्र की साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नेशनल क्रिटिकल इन्फॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर (एनसीआईआईपीसी) तथा क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) द्वारा विद्युत क्षेत्र की महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना (क्रिटिकल इन्फॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर-सीआईआई) के संरक्षण एवं सुरक्षा मूल्यांकन के लिए अनुरूपता मूल्यांकन ढांचा (कॉनफॉर्मिटी असेसमेंट फ्रेमवर्क-सीएएफ) विकसित करने के लिये राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी समिति का गठन किया गया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत मंडपम में भारत टैक्स-2026 कार्यक्रम को किया संबोधित**

# मध्यप्रदेश में कपड़ा उत्पादन और रोजगार के अवसर बढ़े हैं -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। मध्यप्रदेश टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करते हुए कपड़ा उत्पादन और रोजगार दोनों को बढ़ा रहा है। टैक्सटाइल इंडस्ट्री से राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और मालवा-निमाड़ अंचल के 6 लाख से अधिक कपास उत्पादक किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। पीएम मित्र पार्क से खेत से लेकर गारमेंट इंडस्ट्री और इंडस्ट्री से



वैश्विक बाजार तक प्रदेश के उत्पादों की पहुंच आसान होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योपतियों और निवेशकों को मध्यप्रदेश में अपना उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण देते हुए कहा कि एक बार जो मध्यप्रदेश आता है वहीं का होकर रह जाता है। हृदय प्रदेश सभी उद्योगपतियों का स्वागत कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् में भारत टैक्स-2026 के अंतर्गत आयोजित राउंड टेबल संवाद कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर केंद्रीय टैक्टाइल मंत्री श्री गिरिराज किशोर, प्रमुख टैक्टाइल उद्योग प्रतिनिधि, केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के अधिकारी तथा राज्य सरकार के अधिकारी उपस्थित थे। महेश्वरी और चंदेरी साड़ियां वस्त्र उद्योग में विशेष स्थान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत मंडपम् में वस्त्र उद्योग का कुंभ आयोजित हो रहा है। मध्यप्रदेश सरकार, सभी वैश्विक ब्रांड्स के प्रतिनिधि, निवेशक, उद्योगपति, पॉलिसी मेकर और फैशन डिजाइनर भारत सरकार के संकल्प के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। वर्तमान समय ब्रांडिंग और पैकेजिंग का है। प्राचीन समय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने स्थानीय बुनकरों को रोजगार से जोड़ने के लिए महेश्वरी साड़ियां तैयार करने की शुरुआत करवाई थी। महेश्वरी साड़ियां वर्तमान में भी देश-विदेश मे लोकप्रिय है। चंदेरी की साड़ियां भी वस्त्र उद्योग में विशेष स्थान रखती हैं। आज भी स्वावलंबन और रोजगार परक उद्योग हमारी पहचान हैं।

## अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर मंत्री सारंग ने ली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

भोपाल (आरएनएस)-खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल के अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नाथू बरखेड़ा में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर



सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ), जिला प्रशासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में भर्ती रैली के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अग्निवीर भर्ती रैली केवल एक प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होकर राष्ट्रसेवा का स्वर्णिम अवसर है। इसलिए सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित एवं अभ्यर्थी हितैषी वातावरण में संपन्न हो।

**माकपा की 24 घंटे की प्रदेशव्यापी भूख हड़ताल शुरू, गाडरवारा में धरना**

# खाद, बिजली और मूंग खरीदी को लेकर किसानों का उबाल



**राज्यपाल के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन**

**गोटेगांव प्रतिनिधि-** किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध न कराने, टोकन व्यवस्था से हो रही परेशानी, लगातार बिजली कटौती एवं कम वोल्टेज की समस्या तथा मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी नहीं होने के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने प्रदेशव्यापी 24 घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी है। माकपा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में शुक्रवार दोपहर 12 बजे से 24 घंटे की भूख हड़ताल प्रारंभ हुई, जो 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक जारी रहेगी। हड़ताल के समापन पर सभा आयोजित कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। माकपा का आरोप है कि खाद की कमी, टोकन प्रणाली की अव्यवस्था, बिजली संकट और मूंग उपार्जन में लापरवाही के कारण किसान भारी संकट का सामना कर रहे हैं। पार्टी का कहना है कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है, जिससे किसानों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है।

**किसान संगठनों से समर्थन की अपील**

मध्य प्रदेश किसान सभा ने इस भूख हड़ताल को अपना समर्थन दिया है। माकपा ने सभी किसान संगठनों से किसान हित और देशहित में प्रदेशव्यापी आंदोलन को समर्थन देकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# गोटेगांव की बदहाल तस्वीर- चौपट व्यवस्थाओं से जूझ रहा नगर, आखिर जिम्मेदार कौन?

**गोटेगांव प्रतिनिधि-** कभी स्वच्छ और व्यवस्थित नगर के रूप में पहचान रखने वाला गोटेगांव आज बुनियादी सुविधाओं के संकट से जूझता नजर आ रहा है। नगर के लगभग सभी 15 वार्डों में कहीं पेयजल की समस्या है तो कहीं सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। कहीं अधूरे निर्माण कार्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं, तो कहीं मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाइटें बंद होने से रात में अंधेरा पसरा रहता है।

नगर के प्रमुख मार्ग भगतराम चौराहा से स्टेशन फुहारा चौक तक सड़क पूरी तरह क्षत-विक्षत हो चुकी है। गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। साफ-सफाई की व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं और कई क्षेत्रों में नियमित सफाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। नगर पालिका में पर्याप्त सफाई कर्मचारी होने के बावजूद व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका के कई कर्मचारियों को तीन-तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इसका असर भी नगर की व्यवस्थाओं पर साफ दिखाई दे रहा है। कर्मचारियों की आर्थिक परेशानियां बढ़ने के साथ-साथ कार्यों की गति भी प्रभावित हो रही है। नगरवासियों का कहना है कि गोटेगांव को ऐसी नेतृत्व क्षमता की आवश्यकता है जो केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम भी दे। लोगों का मानना है कि नगर के सभी 15 वार्डों की समस्याओं का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब जनप्रतिनिधि और प्रशासन समन्वय के साथ जवाबदेही निभाएं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि करोड़ों रुपये की योजनाओं और विकास के दावों के बावजूद यदि नागरिकों को पानी, सड़क, सफाई और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं, तो आखिर विकास के दावे किसके लिए हैं? नगरवासियों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि जल्द ही इस ओर गंभीरता से ध्यान देंगे और गोटेगांव को उसकी पहचान वापस दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

# अवैध संबंधों में पत्नी बनी बाधा, गला दबाकर की हत्या; झूठी कहानी बनाकर पुलिस को किया गुमराह



**गोटेगांव प्रतिनिधि-** अवैध संबंधों में बाधा बन रही पत्नी की पति ने अपनी रिश्तेदार महिला के साथ मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद इसे सामान्य मौत साबित करने के लिए चक्कर खाकर गिरने की झूठी कहानी रची गई, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वैज्ञानिक साक्ष्यों और पुलिस की गहन जांच ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतका को आरोपी पति के अवैध संबंधों की जानकारी हो गई थी। इसे लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने अपनी रिश्तेदार महिला के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने परिजनों और पुलिस को गुमराह करने के लिए महिला की मौत को अचानक तबीयत बिगड़ने और गिरने से हुई घटना बताया। प्रारंभिक तौर पर मामला संदिग्ध लगा, जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में गला दबाने के स्पष्ट संकेत मिलने पर जांच का दायरा बढ़ाया गया। तकनीकी साक्ष्य, घटनास्थल की जांच और आरोपियों से पूछताछ के दौरान विरोधाभासी बयान सामने आए। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पूरा घटनाक्रम उजागर हो गया। इसके बाद आरोपी पति और उसकी रिश्तेदार महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वैज्ञानिक जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझाई गई। मामले में आगे की विवेचना जारी है।

**इस्कॉन, ठाकुर बाबा मंदिर ट्रस्ट और मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन, नगर भ्रमण के दौरान अनेक स्थानों पर होगा स्वागत व पुष्पवर्षा**

# गोटेगांव में पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, 17 जुलाई को ऐतिहासिक आयोजन

**गोटेगांव प्रतिनिधि-** गोटेगांव नगर के धार्मिक इतिहास में पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा 17 जुलाई को निकाली जाएगी। इस्कॉन संस्था के सौजन्य से श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर ट्रस्ट समिति एवं श्री मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित होने वाली इस ऐतिहासिक रथयात्रा को लेकर नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को देखते हुए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

फाउंडेशन के सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल ने बताया कि 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा का ठाकुर बाबा मंदिर में मंगल आगमन होगा। 17 जुलाई को प्रात: मंगला आरती, दर्शन और छप्पन भोग के कार्यक्रम के बाद दोपहर 2 बजे



भगवान भव्य रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा के समापन पर पुन: ठाकुर बाबा मंदिर में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

रथयात्रा ठाकुर बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, भगतराम चौराहा, रिपटा मोहल्ला, सिंधी कॉलोनी, फुहारा चौक, श्रेया होटल, खरया पेट्रोल पंप, बैलहाई बाजार, महाराणा प्रताप चौक, मणि स्ट्रीट होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगी। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारी संगठनों द्वारा भगवान का पूजन, पुष्पवर्षा, श्रद्धालुओं का स्वागत और महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया) ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सभी समाजों की सहभागिता गोटेगांव की सांस्कृतिक एकता को नई पहचान देगी।

आयोजकों के अनुसार यात्रा में नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं बच्चे शामिल होंगे। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने यात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए स्वागत मंच, पूजन, पुष्पवर्षा और महाप्रसाद वितरण की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर द्वारा रायन गोल्डन जुबिली इंटर-स्कूल फुटसल चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन

जबलपुर-सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर ने रायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के "50 Years of E&cellence" समारोह के अंतर्गत आयोजित रायन गोल्डन जुबिली इंटर-स्कूल फुटसल चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन किया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जबलपुर के 15 प्रमुख विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता ने युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा, टीम भावना, अनुशासन, खेल भावना एवं खेल के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया। नॉकआउट प्रारूप में आयोजित इस प्रतियोगिता के सभी मुकाबले रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहे।

प्रथम चरण के मुकाबले

जॉनसन हायर सेकेंडरी स्कूल बनाम लिटिल वर्ल्ड स्कूल सेंट अलॉयसियस स्कूल, सदर बनाम कैंटोनमेंट स्कूल, सदर सेंट ऑगस्टीन स्कूल बनाम सेंट ज़ेवियर्स स्कूल, गुप्तेश्वर सनातन धर्म हायर सेकेंडरी स्कूल बनाम सेंट थॉमस स्कूल, सदर रायन इंटरनेशनल स्कूल, शांतिनगर बनाम सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, शांतिनगर ज्ञानोदय स्कूल बनाम महर्षि विद्या मंदिर, नर्मदा रोड आर.एस. बेला सिंह स्कूल बनाम ग्रीन



वैली स्कूल क्वार्टर फ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें लिटिल वर्ल्ड स्कूल बनाम सेंट अलॉयसियस स्कूल, सदर सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर बनाम सेंट थॉमस स्कूल, सदर सेंट अलॉयसियस स्कूल, पोलीपाथर बनाम सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, शांतिनगर महर्षि विद्या मंदिर, नर्मदा रोड बनाम ग्रीन वैली स्कूल क्वार्टर फ़ाइनल के मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे, जिनमें सेंट अलॉयसियस स्कूल, सदर, सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर, महर्षि विद्या मंदिर, तथा सेंट अलॉयसियस स्कूल, पोलीपाथर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। सेमीफ़ाइनल एवं भव्य फ़ाइनल मुकाबले 17 जुलाई 2026 को आयोजित किए जाएंगे। पूरे टूर्नामेंट का संचालन प्रशिक्षित रेफरी एवं समुचित चिकित्सा व्यवस्था की उपस्थिति में किया गया, जिससे खिलाड़ियों को सुरक्षित, निष्पक्ष एवं पेशेवर खेल वातावरण प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, धैर्य एवं निष्पक्ष खेल की भावना को विकसित करना है। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर शिक्षा, खेल, प्रशासन एवं जनसेवा से जुड़े अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में श्री पी. बी. लाल (पादरी), डॉ. अर्नेस्ट सिंह (पादरी), श्रीमती सुनीता पांच (विक्रम पुरस्कार प्राप्त), श्री लोक बहादुर सिंह (मध्य प्रदेश हॉकी सचिव), सुश्री संजीवनी राजपूत (थाना प्रभारी, जीआरपी), श्री ऐश्वर्य शर्मा (लॉ प्रेप इंस्टीट्यूट) तथा श्री हसन अली खान (अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर, डब्ल्यू.सी.आर. रेलवे) विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर आयोजकों ने कहा,

सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल में हमारा विश्वास है कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह चैंपियनशिप उत्कृष्टता, एकता और खेल भावना का उत्सव है। हमें प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना पर गर्व है। सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर द्वारा आयोजित यह इंटर-स्कूल फुटसल फुटबॉल प्रतियोगिता, रायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ष्टश्वह्र) श्री रायन पिंटो एवं ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (द्धस्नस्न) के बीच हुए समझौता ज्ञापन (रूश) के अनुरूप आयोजित की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य रायन ग्रुप के सभी विद्यालयों में फुटबॉल एवं फुटसल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देना तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में खेल उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें प्रारंभिक स्तर से ही फुटबॉल एवं फुटसल में बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।।

## एएनएम एवं एमपीडब्ल्यू की शीघ्रहो पदोन्नति समयमान वेतनमान, अनुकम्पा नियुक्ति एवं सर्विस रिकार्ड में हो सुधार सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर डॉ नवीन कोठारी को मांगों का ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। कर्मचारियों की मांगें नि.लि. हैं? स्वास्थ्य विभाग में



कार्यरत एएनएम / एमपीडब्ल्यू की वरिष्ठता सूची में सुधार कार्य किया जाये सूची में मृत एवं सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों के नाम अलग किये जायें तथा सुधार कार्य कर तत्काल एएनएम / एमपीडब्ल्यू की सूची प्रकाशित कर पदोन्नति की जाये। लगभग 2 हजार कर्मचारियों को शासन द्वारा प्रदाय समय समय पर वरिष्ठ वेतनमान प्रदान करने हेतु समयमान वेतनमान हेतु गठित कमेटी की माह में एक बार बैठक आयोजित करना एवं दिन व समय निश्चित करने एवं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों को बैठक में बुलाये जाने और समस्याओं का निराकरण करने एवं सुझावों का पालन करने हेतु कहा गया।

विक्टोरिया अस्पताल के लगातार हो रहे विस्तार एवं संसाधनों को ध्यान में रखते हुए लगभग 500 बिस्तरों के अस्पताल बनने पर परिजनों एवं मरीजों के लिए शुद्धता एवं गुणवत्ता पूर्ण आहार एवं नाश्ता प्राप्त हो इसके लिए इंडियन काफी हाउस खोलने की भी मांग की गई। सर्विस बुक और साफ्टवेयर में जन्मतिथि एवं नियुक्ति तिथि एवं सेवानिवृत्ति दिनांक मिलान कर सुधार कार्य शीघ्र कराये जाये।

अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र कराया जाये, अन्यथा संघ तीव्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। संघ के अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, परशुराम तिवारी, राजेन्द्र तेकाम, सतीश देशमुख, राम बिहारी पटेल, विशाल मसीह मदन छपेल, पंकज जायसवाल,, विशल मसीह, निशाक तिवारी, अंकित चौरसिया, टोनी एम्बोस, प्रीतोष तारे, अमित गौतम, मधुर कपूर, मनीष अधिकारी ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि कर्मचारियों की हितैषी मांगो का शीघ्र निराकरण किया जाये।



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।

## समूल सुधार की जरूरत

नीट-यूजी, जेईई, सीयूईटी आदि जैसी परीक्षाओं का मौजूदा ढांचा कोई संयोगवश सामने नहीं आया है। यह नीतिगत प्राथमिकताओं का परिणाम है। पूर्व चेतावनियों के बावजूद केंद्र ने इन्हें विभिन्न स्तरों पर लागू किया है। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी की अनवरत घटनाओं से भड़के युवा असंतोष के बीच शिक्षा मंत्रालय की नौ सदस्यीय कमेटी इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि कोचिंग संस्थानों का दबदबा तमाम बुराइयों का मूल कारण है।

कमेटी के मुताबिक इन संस्थानों को विनियमित करने की जरूरत है, लेकिन यह सिर्फ औचक निरीक्षण या गुमराह करने वाले इश्तहारों पर रोक लगा कर नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक राष्ट्रीय कानून बनाने और नीट-यूजी, जेईई, और सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं का डिजाइन बदलने की जरूरत होगी। डिजाइन ऐसा होना चाहिए, जिससे छात्रों की कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता घटे।

जून 2025 में शिक्षा मंत्रालय ने उच्चतर शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता में ये कमेटी बनाई थी। मकसद कोचिंग संस्थानों के 'डमी स्कूल' बन जाने की समस्या से निजात और प्रवेश परीक्षाओं की स्वच्छता सुनिश्चित करने के बारे में सुझाव देना था। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक कमेटी ने अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार कर ली है। संभवत: दो हफ्तों में वह अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। मगर ड्राफ्ट रिपोर्ट के बारे में सामने आई जानकारियों से नहीं लगता कि समिति समस्या की जड़ तक पहुंची है। नीट, जेईई, सीयूईटी जैसी परीक्षाओं का मौजूदा ढांचा कोई संयोगवश सामने नहीं आया है। यह नीतिगत प्राथमिकताओं का परिणाम है। सीयूईटी का प्रस्ताव जब आया, तो चेतावनी दी गई थी कि इससे स्कूली पढ़ाई का महत्त्व घटेगा और कोचिंग संस्थानों का धंधा बढ़ेगा।

# परमाणु संयंत्र का डाटा लीक हो गया, क्या ऐसी साइबर सुरक्षा के भरोसे आगे बढ़ेगा डिजिटल इंडिया?

देश की सबसे बड़ी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल तमिलनाडु स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़े हजारों गोपनीय दस्तावेज कथित रूप से सार्वजनिक होने के बाद भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना की साइबर सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। हम आपको बता दें कि रैनसमवेयर गिरोह वर्ल्ड लीक्स ने दावा किया है कि उसने संयंत्र से संबंधित 19 हजार से अधिक संवेदनशील फाइलें डार्क वेब पर जारी कर दी हैं। इन दस्तावेजों को लगभग 8 लाख 58 हजार फाइलों के उस बड़े संग्रह का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसे परियोजना से जुड़े ठेकेदार रिलायंस समूह के डाटा से चुराया गया है। हालांकि इन दस्तावेजों की प्रामाणिकता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, फिर भी विशेषज्ञ इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर मामला मान रहे हैं।

इस बीच, रिलायंस समूह ने मीडिया को बताया कि तीसरे पक्ष के भारतीय डाटा सेंटर प्रदाता योट्टा के सर्वर पर रखे गए उसके डाटा में आंशिक सेंधमारी हुई है। कंपनी के अनुसार सरकार को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन किस प्रकार का डाटा प्रभावित हुआ, इसका खुलासा नहीं किया गया। दूसरी ओर योट्टा ने कहा कि उसने 29 मई को सर्वर पर संदिग्ध गतिविधियों का पता लगा लिया था और संदिग्ध रैनसमवेयर को सक्रिय होने से रोक दिया गया था। बाद में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने संभावित डाटा लीक के दावे की जानकारी दी।

हम आपको बता दें कि कथित रूप से लीक हुए दस्तावेज वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2025 के मध्य तक के बताए जा रहे हैं। इनमें वेंटिलेशन और शीतलन प्रणालियों के इंजीनियरिंग नक्शे, साझा नियंत्रण कक्ष की रूपरेखा, उपकरणों के निरीक्षण प्रतिवेदन, आपूर्तिकर्ताओं की सूची, विक्रेताओं के प्रस्ताव, बैठकों के अभिलेख तथा बीमा संबंधी दस्तावेज शामिल बताए गए हैं। अधिकांश दस्तावेज कुडनकुलम परियोजना की तीसरी और चौथी इकाई से संबंधित हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है और जिनके वर्ष 2027 तक चालू होने की संभावना है। राहत की बात यह है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इनमें परमाणु रिएक्टर के मुख्य तंत्र की रूपरेखा शामिल नहीं है, क्योंकि वह रूस की सरकारी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। फिर भी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी जानकारी शत्रुतापूर्ण तत्वों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी हमलावर को यह जानकारी मिल जाए कि परियोजना में किन व्यक्तियों, ठेकेदारों और प्रणालियों की पहुंच कहां तक है, तो वह प्रत्यक्ष रूप से परमाणु रिएक्टर पर हमला किए बिना भी उससे जुड़ी सहायक व्यवस्थाओं, आपूर्ति श्रृंखला या तीसरे पक्ष की प्रणालियों को निशाना बना सकता है। इससे परियोजना के संचालन, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हो सकता है।

इस पूरे मामले की जांच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम संयुक्त रूप से कर रहे हैं। अभी तक इस बात का कोई प्रमाण सामने नहीं आया है कि संयंत्र की परिचालन प्रणाली या परमाणु रिएक्टर की सुरक्षा से सीधे समझौता हुआ है। परमाणु ऊर्जा विभाग और प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि संबंधित हैकर गिरोह पहले भी कई प्रमुख औद्योगिक संस्थानों को निशाना बना चुका है।

देखा जाये तो यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना पर साइबर हमलों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। एक साइबर सुरक्षा कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष भारत में लगभग दो करोड़ नवासी लाख खाते किसी न किसी रूप में डाटा समझौते का शिकार हुए, जिससे भारत विश्व के सर्वाधिक प्रभावित देशों में शामिल रहा। वहीं हाल के एक औद्योगिक सर्वेक्षण में पाया गया कि 73 प्रतिशत भारतीय संस्थानों को यह तक जानकारी नहीं थी कि वे कभी साइबर हमले का शिकार हुए हैं या नहीं, जबकि 57 प्रतिशत संस्थानों में बुनियादी साइबर उपायों का भी अभाव है। भारतीयनौसेना जानकारी

देखा जाये तो कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना केवल बिजली उत्पादन का केंद्र नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु क्षमता और सामरिक आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार भी है। इस परियोजना पर किसी भी प्रकार का साइबर हमला या गोपनीय सूचनाओं का लीक होना सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। आधुनिक युद्ध में साइबर क्षेत्र को भूमि, जल, वायु और अंतरिक्ष के समान ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण अवसंरचना से संबंधित सूचनाओं का दुरुपयोग कर शत्रु देश या संगठित साइबर अपराधी बिना प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई के भी रणनीतिक दबाव बना सकते हैं।

बहरहाल, इस घटना ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल परमाणु संयंत्र की आंतरिक सुरक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि उससे जुडे ठेकेदारों, डाटा सेंटरों, आपूर्ति श्रृंखला और तीसरे पक्ष की डिजिटल प्रणालियों की सुरक्षा भी समान रूप से आवश्यक है। भविष्य में राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा, नियमित सुरक्षा परीक्षण, आपूर्ति श्रृंखला का कड़ा सत्यापन तथा संवेदनशील सूचनाओं की बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था विकसित करना अनिवार्य होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपनी महत्वपूर्ण अवसंरचना की साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय रक्षा रणनीति का अभिन्न हिस्सा बनाते हुए इस क्षेत्र में निवेश और समन्वय दोनों को और मजबूत करना होगा, ताकि ऐसी घटनाओं से सामरिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रभावी रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## नेपाल में उठ रही हिंदी की मांग

मधेसी समुदाय का अपने सीमावर्ती भारतीय इलाकों के लोगों से रोटी और बेटी का रिश्ता है। वे लोग पहाड़ी मूल के लोगों की बजाय सीमावर्ती भारतीय इलाकों के लोगों की तरह दिखते, रहते, खाते-पीते और बोलते हैं। इनमें अवधी, भोजपुरी, थारू, बज्जिका, अंगिका, मैथिली, सतार, मगही, राजवंशी और मैथिलीभाषी शामिल हैं।

नेपाल की जनकपुर उपमहानगर पालिका ने अपने अधीन प्राथमिक विद्यालय में मैथिली भाषा की पढ़ाई का फैसला लिया है। जनकपुर से महज तीस किलोमीटर दूर भारतीय सीमा में पहले से ही मैथिली की पढ़ाई हो रही है। भारत में मैथिली भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा है। चूंकि जनकपुर के आसपास मैथिलीभाषियों की अच्छी-खासी संख्या है। लिहाजा जनकपुर उपमहानगर पालिका के इस निर्णय का मैथिलभाषी समुदाय में स्वागत होना लाजमी है। लेकिन नेपाल का ही एक वर्ग इस फैसले के विरोध में उतर आया है। दिलचस्प यह है कि उसे मैथिली से कोई बुनियादी विरोध नहीं है, बल्कि वह चाहता है कि मधेस इलाकों में हिंदी की विधिवत पढ़ाईहोनी चाहिए। हिंदी समर्थक इस वर्ग का तर्क है कि इस कदम से नेपाल में बोली जाने वाली भारतीय मूल की भाषाओं के बीच एकता का संदेश जाएगा और यह एकता मधेस समुदाय की राजनीतिक ताकत को बढ़ावा देगी। लेकिन मधेस समाज के लोग अपनी-अपनी भाषाओं की अगर पढ़ाई पर जोर देने लगेंगे तो इससे मधेस समाज में बिखराव आएगा और उनकी एकता में दरार बढ़ेगी। इसका सीधा फायदा संख्या के लिहाज से मधेस समुदाय की तुलना में छोटा खस आर्य मूल के नेपाली समुदाय का नेपाल की राजनीति में वर्चस्व बना रह सकता है। नेपाल में भाषा को लेकर उठे इन सवालों पर विचार से पहले मधेस समुदाय के बारे में मोटे तौर पर कुछ बातें समझनाआवश्यक है। नेपाल में पहाड़ी मूल के अलावा तराई में जो लोग रहते हैं, उन्हें मधेस या मधेसी कहा जाता है। मधेस समुदाय की व्यापकता उत्तर प्रदेश की सीमा से लेकर बिहार होते हुए पश्चिम बंगाल की सीमा तक नेपाली हिस्से में है।

## राजनीतिक हस्तक्षेप से परे हो - छात्रसंघ चुनाव



भारत में विश्वविद्यालयों में होने वाले छात्रसंघ चुनावों का इतिहास स्वतंत्रता पूर्व काल से जुड़ा हुआ है। उस दौर में छात्र संगठनों ने न केवल विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। स्वतंत्रता के बाद देश के अधिकांश विश्वविद्यालयों में प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव नियमित रूप से आयोजित होने लगे। निस्संदेह, स्कूलों और कॉलेजों के छात्रसंघ चुनावों ने देश को अनेक कुशल, दूरदर्शी और जनप्रिय नेता दिए हैं। ऐसे अनेक जनप्रतिनिधि छात्र राजनीति से निकलकर लोकसभा, राज्यसभा तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के महत्वपूर्ण पदों तक पहुँचे और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जब तक विश्वविद्यालयों में राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं था, तब तक छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक मूल्यों और छात्र हितों के प्रतीक बने रहे। उनकी सकारात्मक गूँज गाँवों, कस्बों और महानगरों तक सुनाई देती थी। किंतु समय के साथ राजनीति के बढ़ते दखल, धनबल और बाहुबल के प्रभाव ने छात्रसंघ चुनावों की गरिमा को प्रभावित किया। परिणामस्वरूप अनेक राज्यों में ये चुनाव हिंसक, विवादास्पद और अत्यधिक खर्चीले होते चले गए। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में छात्रसंघ चुनावों पर प्रतिबंध लगाने के पीछे मुख्य कारण छात्र गुटों के बीच बढ़ती हिंसा, बाहरी तत्वों का हस्तक्षेप, विश्वविद्यालय परिसरों में भय का वातावरण, छात्रों एवं प्राध्यापकों को धमकाना तथा गंभीर आपराधिक घटनाएँ रहीं। यही कारण है कि कई राज्यों में आज भी प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनावों पर प्रतिबंध लागू है।

इसके विपरीत दिल्ली, केरल, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में राज्य सरकारों एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्धारित कड़े नियमों के अंतर्गत आज भी प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाते हैं। वहीं कुछ राज्यों में चुनाव केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। भारतीय राजनीति का इतिहास इस बात का साक्षी है कि लगभग प्रत्येक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल में ऐसे अनेक नेता हैं, जिन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत छात्र राजनीति से की और आगे चलकर देश एवं राज्यों के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राज्यों में विश्वविद्यालयों के छात्रसंघ चुनाव स्वस्थ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न कराए जाएँ। इसके लिए राज्य सरकारों, विश्वविद्यालय प्रशासन तथा सभी राजनीतिक दलों को दलगत हितों से ऊपर उठकर सकारात्मक पहल करनी होगी।

छात्रसंघ चुनाव राजनीतिक हस्तक्षेप, धनबल और बाहुबल से मुक्त होकर केवल छात्रों के जनसमर्थन और लोकप्रियता के आधार पर संपन्न होने चाहिए। यही व्यवस्था लोकतंत्र की वास्तविक भावना को मजबूत करेगी और विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करेगी। यदि युवा पीढ़ी को छात्र जीवन से ही लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा, तो भविष्य में देश को अधिक संवेदनशील, सक्षम और उत्तरदायी नेतृत्व प्राप्त होगा।

अरविंद रावल
गोपाल कॉलोनी, झाबुआ म.प्र.

## शारीरिक कष्टों के उपचार और संतान प्राप्ति के लिए विख्यात हैं ये 7 पावन स्थल

भारत में मंदिरों को सिर्फ पूजा-पाठ का स्थान नहीं बल्कि आशा, मानसिक शांति और आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र माना जाता है। अलग-अलग हिस्सों में कुछ खास मंदिर हैं। जो मानसिक तनाव, सेहत संबंधी समस्याओं, संतान प्राप्ति और रोग मुक्ति की लोक मान्यताओं से जुड़े हैं। लाखों की संख्या में भक्त इन मंदिरों में मानसिक बल, आशीर्वाद और आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त करने के लिए जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 7 ऐसे मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर भक्त आरोग्य और अच्छी सेहत की प्रार्थना करते हैं।

नैना देवी मंदिर हिमाचल प्रदेश में स्थित नैना देवी मंदिर प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यहां पर मां सती की आंख गिरी थी। इस कारण इस स्थान को नैना देवी कहा जाता है। नैना देवी को ज्ञान, दृष्टि और दिव्य दर्शन की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। यहां आने वाले भक्तों का मानना है कि आंखों से जुड़ी समस्याओं में देवी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं मानसिक स्पष्टता और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है।

मेहंदीपुर बालाजी मंदिर राजस्थान के दौसा जिले में स्थित यह मंदिर हनुमान जी के बाला जी रूप को समर्पित है। यह भारत के खास और चर्चित आध्यात्मिक केंद्रों में से एक है।

## 90 फीसदी लोगों की समस्याओं का कोई मतलब नहीं

हरिशंकर व्यास

भारत के एक स्टैंड अप कॉमेडियन हैं वीर दास। वीर दास ने अमेरिका के जॉन एफ कैनेडी सेंटर में एक शो किया था, जिसकी थीम उन्होंने रखी थी 'आई कम फ्रॉम टू इंडियाज'। इस शो में उन्होंने भारत के विरोधाभासों के बारे में बताया था। विरोधाभास कई स्तर पर था। सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक हर तरह के विरोधाभास पर उनकी टिप्पणी थी। जैसे वीर दास ने कहा कि हिंदू दिन में देवियों की पूजा करते हैं और रात में महिलाओं के ऊपर अत्याचार होते हैं। इस तरह की अनेक बातें थीं, जिनको लेकर भारत में खूब विवाद हुआ। वीर दास के खिलाफ प्रदर्शन हुए। उनको देश विरोधी और हिंदू विरोधी बताया गया। उन पर पाबंदी लगाने की बात हुई।

यह सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने दो भारत की तस्वीर दिखाई थी।

सवाल है कि क्या देश के अंदर दो या कई पहचान, कई नाम नहीं हैं? भारत की विविधता की चर्चा होती है। लेकिन वह विविधता भौगोलिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषायी स्तर पर है तो उसे गौरवशाली बता कर प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन सामाजिक या आर्थिक विषमताओं की जैसे ही कोई चर्चा करता है वैसे ही वह निशाने पर आ जाता। धार्मिक मामलों में भी विरोधाभासों की बात करें तो लोगों को बुरा लग जाता है। तभी सवाल है कि कैसे असली भारत की तस्वीर सामने आएगी? दूसरे भारत की ही तस्वीरें हर जगह दिखाई जाती हैं और उसी आधार पर दावा किया जाता है कि भारत तरक्की कर रहा है और आगे बढ़ रहा है, जबकि असल में ऐसा नहीं है।

मिसाल के तौर पर भारत में किसी से कहा जाएगा कि आर्थिक हालत बहुत खराब है, देश की अर्थव्यवस्था रसातल में जा रही है या आम आदमी बहुत परेशान है। तो तुरंत एक दूसरी तस्वीर पेश कर दी जाती है। यह तस्वीर दूसरे भारत की है। कहा जाता है कि अगर आर्थिक स्थिति इतनी खराब है तो लाखों की संख्या में आईफोन कैसे बिक रहे हैं? इन सवालों से लाजवाब करने की कोशिश होगी कि मॉल भरे हुए हैं, थिएटर भरे हुए हैं, महंगे फोन खरीदने के लिए लोग लाइन लगा कर खड़े हैं, महंगी गाड़ियों के लिए एडवांस बुकिंग हो रही है और कई महीनों की वेटिंग है फिर गरीबी कहां है? इस सवाल का क्या जवाब हो सकता है कि सिवाए इसके कि दो भारत हैं। एक भारत 90 या 95 फीसदी लोगों का है, जिनका जीवन संघर्षों से भरा है। जो पांच किलो अनाज से लेकर खैरात की दूसरी योजनाओं के इंतजार में रहते हैं। यह वो आबादी है, जो किसी तरह से जीवनयापन कर रही है। इसके मुकाबले जो पहला भारत है वह पांच से 10 फीसदी लोगों का है। अगर 10 फीसदी भी मानें तो यह संख्या 14 करोड़ के आसपास होती है। इस आबादी में काम कर रहे या रिटायर हो गए सरकारी अधिकारी व कर्मचारी हैं, जिनको नियमित वेतन और पेंशन मिल रहा है। संगठित क्षेत्र में काम करने वाले निजी पेशेवर हैं और मध्यम व बड़े कारोबारी हैं। यह आबादी अपने आप में इतनी बड़ी है कि महंगे फोन और महंगी गाड़ियों का बाजार इनके लिए छोटा पड़ जाएगा।

## 100 यज्ञों के पुण्य फल और मोक्ष की अद्भुत परंपरा

आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को ओडिशा के पुरी नामक स्थान और गुजरात के द्वारका पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाती है। इस उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं का भक्ति भाव देखते ही बनता है क्योंकि जिस रथ पर भगवान सवारी करते हैं उसे घोड़े या अन्य जानवर नहीं बल्कि श्रद्धालुगण ही खींच रहे होते हैं। पुरी में श्री जगदीश भगवान को सपरिवार विशाल रथ पर आरुढ़ कराकर भ्रमण करवाया जाता है फिर वापस लौटने पर यथास्थान स्थापित किया जाता है। यह उत्सव अद्वितीय होता है। इस अवसर पर देश विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां एकत्र होते हैं। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी

भगवद भक्त इस दिन व्रत रखते हैं और उत्सव मनाते हैं। पुरी में जिस रथ पर भगवान की सवारी चलती है वह विशाल एवं अद्वितीय है। वह 45 फुट ऊंचा, 35 फुट लंबा तथा इतना ही चौड़ाई वाला होता है। इसमें सात फुट व्यास के 16 पहिये होते हैं। इसी तरह बालभद्र जी का रथ 44 फुट ऊंचा, 12 पहियों वाला तथा सुभद्रा जी का रथ 43 फुट ऊंचा होता है। इनके रथ में भी 12 पहिये होते हैं। प्रतिवर्ष नए रथों का निर्माण किया जाता है। भगवान मंदिर के सिंहद्वार पर बैठकर जनकपुरी की ओर रथयात्रा करते हैं। जनकपुरी में तीन दिन का विश्राम होता है जहां उनकी भेंट श्री लक्ष्मीजी से होती है। इसके बाद भगवान पुन: श्री जगन्नाथ पुरी लौटकर आसनरुढ़ हो जाते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी के भारत के 5एफ विज़न को बुनता टेक्स 2026

पबित्रा मार्गेरिटा

कश्मीरी पश्मीना की नरम गर्माहट से लेकर असम के मूंगा सिल्क की शानदार चमक तक, राजस्थानी बांधनी के जीवंत ज्यामितीय पैटर्न से लेकर कांजीवरम सिल्क की सदाबहार और बेहतरीन बनावट तक, भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता धागों से बुना एक जीता-जागता नक्शा है। आज, सभ्यता की यह बेमिसाल तस्वीर एक ही छत के नीचे एक साथ नज़र आ रही है। नई दिल्ली के प्रसिद्ध भारत मंडपम में 14 से 17 जुलाई तक भारत टेक्स 2026 का आयोजन, हमारे देश की खूबसूरत विविधता को एक ही मंच पर ला रहा है।

वस्त्र उद्योग सिर्फ हमारी विरासत की झलक नहीं है, यह भारत के मैक्रो-इकोनॉमिक ढांचे की एक मज़बूत नींव भी है। यह क्षेत्र लगातार विकास और समानता का एक बहुत बड़ा इंजन बना हुआ है, जो जीडीपी में 2.3त्न, औद्योगिक उत्पादन में 13त्न और निर्यात में 8.6त्न का योगदान देता है। कृषि के बाद भारत में सबसे ज़्यादा रोज़गार देने वाला यह क्षेत्र 100 मिलियन से ज़्यादा लोगों की आजीविका का साधन है, जो ग्रामीण समुदायों को मज़बूत बनाता है और देश भर में लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाता है।

आर्थिक शक्ति के इस केंद्र को सही मायने में समझने के लिए भारत टेक्स का अनुभव करना बेहद ज़रूरी है। यह वैश्विक स्तर पर प्रमुख भारतीय वस्त्रों का व्यापार मेला है, जिसे पूरी दुनिया के सामने हमारे निर्माण और रचनात्मकता की क्षमता का दबदबा दिखाने के लिए तैयार किया गया है। यह एक ऐसा व्यापक बाज़ार है, जहाँ घरेलू निर्माणकर्ता, राज्यों के पवेलियन, अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक और वैश्विक खरीदार एक ही छत के नीचे होते हैं। इससे बड़े पैमाने पर सोर्सिंग, कॉर्पोरेट जुड़ाव और ब्रांड को प्रदर्शित करने के अवसर भी मिलते हैं।

इस शानदार पहल के सफ़र पर नज़र डालें तो मुझे भारत टेक्स के पिछले दो आयोजनों से बेहद गर्व की अनुभूति का स्मरण होता है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत टेक्स के पिछले संस्करण के दौरान संपूर्ण वस्त्र समुदाय को संबोधित किया था, तो उन्होंने बेहद खूबसूरती से कहा था कि हमने जो बीज बोया था, वह अब तेज़ी से बरगद के पेड़ का रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन न केवल हमारी समृद्ध परंपराओं का जश्न मनाता है, बल्कि एक विकसित भारत की अपार संभावनाओं को भी उजागर करता है। पहले दो आयोजनों की ज़बरदस्त सफलता ने एक मज़बूत नींव रखी, बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया और सहयोग की दिशा में भी तेज़ी देखने को मिली।

भारत टेक्स 2025 के दौरान मेरे व्यक्तिगत अनुभव ने भविष्य के लिए एक बहुत ही सकारात्मक नज़रिया हासिल किया, जहाँ मैंने सरकार से सरकार और व्यापार से सरकार के बीच गहन बातचीत को ठोस नतीजों में बदलते देखा और इसी के चलते भारत की कार्य क्षमता में बढ़ते वैश्विक भरोसे की झलक भी दिखी। यह तीसरा आयोजन उस रफ्तार को और आगे ले जाता है और शुरुआती संभावनाओं को पूरी तरह से औद्योगिक प्रभाव में बदलता है।

इस साल के कार्यक्रम का बहुत बड़ा पैमाना एक सोची-समझी औद्योगिक रणनीति को दर्शाता है। भारत मंडपम में खास प्रदर्शनी हॉलों में फैली यह प्रदर्शनी भारत की पूरी वस्त्र मूल्य श्रृंखला को दिखाती है, जिसमें फाइबर, यार्न, फैब्रिक, कपड़े और फैशन, होम टेक्सटाइल, तकनीकी वस्त्र और सहायक उद्योग शामिल हैं। इसमें 1,600 से ज़्यादा प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं, जो स्थानीय उत्पादन की ताकत को सीधे वैश्विक मंच पर पेश करेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी के क्रांतिकारी 5एफ विज़न-फार्म (खेत) से फाइबर से फैक्ट्री से फैशन से फॉरेन (विदेश) तक के सफर को दर्शाता है। पूरी मूल्य श्रृंखला को एक ही औद्योगिक श्रृंखला में जोड़कर, यह कार्यक्रम विनिर्माण के हर चरण को देश में ही संभालने की भारत की आत्मनिर्भर क्षमता को दिखाता है।

इस पहल को दुनिया भर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस संस्करण में अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, पुर्तगाल, स्पेन, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल समेत 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक शामिल हैं, साथ ही, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ का भी मज़बूत संस्थागत प्रतिनिधित्व है। कई देशों के मंत्री-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल और बड़े व्यापारिक प्रतिनिधि दीर्घकालीन साझेदारी की संभावना तलाशने के लिए इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उम्मीद है कि चार दिनों में 110 से ज़्यादा पंजीकृत देशों से 7,000 से ज़्यादा खरीददार और 1.3 लाख व्यापारिक आगंतुक आएंगे, जो वहां दिखाए जा रहे 20,000 से ज़्यादा वस्त्र उत्पादों को देखेंगे।

इस व्यावसायिक गतिविधि में 3,500 से ज़्यादा खास तौर पर आयोजित बिज़नेस टू बिज़नेस बैठकें होंगी। इसके अलावा, राज्य निवेशक संपर्क सत्र भी होंगे, जो अलग-अलग भारतीय राज्यों को अपने खास औद्योगिक ढ़ांचे को पेश करने का मंच प्रदान करेंगे।

उद्योगों को आगे बढ़ाने हेतु वास्तविक नेतृत्व के लिए ज्ञान और भविष्य की योजना के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की ज़रूरत होती है। भारत टेक्स 2026 इस ज़िम्मेदारी को वैश्विक वस्त्र वार्ता के ज़रिए निभाता है, जिसमें पैनल चर्चा, राउंडटेबल, मास्टरक्लास, राज्य सत्र, अवॉर्ड्स पिच फेस्ट और कार्यशाला जैसे 100 से ज़्यादा खास सत्र शामिल हैं। 370 से ज़्यादा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सीएक्सओ, पॉलिसी निर्माता और अन्वेषकों की अगुवाई में होने वाले ये खास सत्र व्यापार और निवेश को बढ़ाने, तकनीक और नवाचारों को आगे बढ़ाने और फैशन तथा क्राफ्ट को बेहतर बनाने पर फोकस करेंगे। इस कार्यक्रम में व्यापार, निवेशक, तकनीक और संस्थागत सहयोग से जुड़े कई रणनीतिक समझौतों और क्षेत्रों से जुड़ी रिपोर्ट पर हस्ताक्षर और उन्हें लॉन्च भी किया जाएगा।

इन चर्चाओं में वहनीयता और सर्कुलैरिटी जैसे अहम पहलुओं पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। पिछले कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया था कि वैश्विक फैशन समुदाय तेज़ी से पर्यावरण के लिए फैशन के दृष्टिकोण को अपना रहा है और वहनीयता हमेशा से भारत की टेक्सटाइल विरासत का अहम हिस्सा रही है।

भारत टेक्स का यह संस्करण वैश्विक पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों को एक बड़े अवसर में बदलता है और यह दिखाता है कि कैसे नवाचारों की मदद से हमारी पारंपरिक तकनीकें और बेहतर हुई हैं और इस दौरान ये भी ख्याल रखा गया है कि इस प्रक्रिया में संसाधनों का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल हो सके और बर्बादी कम हो, जिससे हमारे बुनकरों और कारीगरों को सीधा फायदा हो। हमारे वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह जी के नेतृत्व में, मंत्रालय ने ज़मीनी स्तर पर इन आधुनिकीकरण और वहनीय वृद्धि की पहलों को तेज़ी से आगे बढ़ाया है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारी पूरी वस्त्र मूल्य श्रृंखला को मज़बूत आधुनिक तकनीक, बड़े पैमाने पर लागू होने वाले नीतिगत फ्रेमवर्क और मज़बूत मार्केट लिंकेज का सहारा मिले।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके संतान के करियर को लेकर हो सकती है। मन मुताबिक परिणाम मिलने से आप अपने अंदर भरपूर ऊर्जा और सुकून महसूस करेंगे

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। अगर आज के दिन धैर्य और समझदारी से कार्य करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आज किसी भी प्रकार का निवेश करते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें।

मिथुन राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। परिवार में मौन रहकर आज परिस्थितियों को समझने की कोशिश करें। रिश्तों में सहयोग और अपनापन बना रहेगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने परिवार वालों को किसी बड़े रेस्टोरेंट में डिनर पार्टी देंगे परिवार के साथ हंसी-खुशी भरे पल बीतेंगे। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

सिंह राशि:आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। सिंह लग्न और राशि वालों आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान आपको अपनी अलग पहचान और मान सम्मान बनाए रखने मदद करेगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आज आपकी परफारमेंस बहुत ही डायनेमिक रहेगी। आज पारिवारिक जिम्मेदारिया बढ़ने से थोड़ी थकान महसूस हो सकती है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। घर और बिजनेस में उचित तालमेल बनाकर रखने से आप अपनी निजी कार्यों के लिए भी समय निकाल पाएंगे और आप शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलेपन से कुछ महत्वपूर्ण लोगों से रिश्ते मजबूत होंगे। आज जमीन जायदाद से जुड़े काम निपट जायेंगे।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है इसके लिए आपको ज्यादा हिम्मत और धैर्य की जरूरत होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। घर में नए मेहमान के आने की खुशी में घर का माहौल उत्सव जैसा रहेगा। आय के स्त्रोतों में बढ़ोत्तरी होने से बिजनेस में बड़ा धनलाभ हो सकता है। संतान की सकारात्मक गतिविधियों पर आपको गर्व महसूस होगा।

कुम्भ राशि: आज आपके जीवन में नई संभावनाएं लेकर आएगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी बहुत अट्रैक्टिव और कामयाब इंसान से होगी जिससे आप जीवन में कुछ बेहतर करने के लिए प्रेरित होंगे। रुका हुआ इनकम सोर्स भी आज दोबारा शुरू हो सकता है।

मीन राशि:आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी एनर्जी और एकाग्रता से आगे बढ़ेंगे।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गुरुवार को जंतर-मंतर पर के विरोध-प्रदर्शन स्थल पर पहुँचे, ताकि वे सोनम वांगचुक के प्रति एकजुटता ज़ाहिर कर सकें, जो अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। वांगचुक को सलाम करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह एक्टिविस्ट देश के छात्रों के लिए अपनी जान दांव पर लगाने को तैयार है और उन्होंने उन्हें अगला शिक्षा मंत्री बनाने का प्रस्ताव भी रखा। केजरीवाल ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान को हटाओ और सोनम वांगचुक को देश का शिक्षा मंत्री बनाओ।

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता लागू, हजारों उत्पाद होंगे सस्ते

**0-कपड़ा, जूते, चमड़ा, समुद्री उत्पाद और आभूषण के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा**
**0-स्कॉच व्हिस्की और ब्रिटिश कारों पर भी घटेगा आयात शुल्क**

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) के बीच हुआ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता बुधवार से आधिकारिक रूप से लागू हो गया। 26 जुलाई 2025 को लंदन में दोनों देशों के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसे व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) के नाम से जाना जाता है। यह किसी विकसित अर्थव्यवस्था के साथ भारत के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक माना जा रहा है।

इस समझौते के लागू होने से दोनों देशों के बीच व्यापार में शामिल हजारों उत्पादों पर सीमा शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, वहीं कई उत्पादों की कीमतों पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।

समझौते के तहत ब्रिटेन को होने वाले भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यात पर अब कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। इसका सबसे अधिक लाभ कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, जूते-चप्पल, रत्न एवं आभूषण, समुद्री उत्पाद, अभियांत्रिकी उत्पाद, रसायन तथा कृषि उत्पादों के निर्यातकों को मिलेगा। इससे भारतीय उत्पाद ब्रिटिश बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात बढ़ने की संभावना है।

भारत ने समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाली स्कॉच व्हिस्की और जिन पर लगने वाले आयात शुल्क को चरणबद्ध तरीके से कम करने पर सहमति दी है। वर्तमान में इन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है, जिसे तत्काल घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया है। अगले दस वर्षों में इसे घटाकर 40 प्रतिशत तक लाया जाएगा।

इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा और कई प्रीमियम स्कॉच ब्रांडों की खुदरा कीमतों में लगभग 5 से 10 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है।

समझौते के तहत ब्रिटेन में निर्मित मोटर कारों पर लगने वाला आयात शुल्क भी चरणबद्ध तरीके से कम किया जाएगा। वर्तमान में इन वाहनों पर 110 प्रतिशत तक शुल्क लगता है, जिसे अगले 15 वर्षों में घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा।

हालांकि इसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। शुरुआती वर्षों में रियायती शुल्क का लाभ केवल शुल्क दर कोटा प्रणाली के तहत सीमित संख्या में आयातित वाहनों को ही मिलेगा। पहले वर्ष में केवल 20 हजार पूर्ण रूप से निर्मित पेट्रोल और डीजल यात्री वाहनों पर यह रियायत लागू होगी।

इसका लाभ मुख्य रूप से एस्टन मार्टिन, बेंटले, जगुआर लैंड रोवर (ब्रिटेन में निर्मित मॉडल), मैकलारेन और रोल्स-रॉयस जैसी लग्जरी वाहन निर्माता कंपनियों को मिलेगा।

यह समझौता केवल वस्तुओं के व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय पेशेवरों को भी राहत देगा। अब अल्पकालिक कार्य के लिए ब्रिटेन जाने वाले भारतीय तकनीकी और अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों को दोहरा सामाजिक सुरक्षा अंशदान नहीं देना होगा।

ऐसे कर्मचारी पांच वर्षों तक केवल भारत में ही सामाजिक सुरक्षा अंशदान जमा करेंगे। इससे उनकी हाथ में मिलने वाली आय बढ़ेगी और भारतीय कंपनियों की लागत भी कम होगी।

भारत के कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र और वस्त्र उद्योग से जुड़े व्यापारियों के लिए यह समझौता अत्यंत लाभकारी माना जा रहा है। अब ब्रिटेन जाने वाले 99 प्रतिशत भारतीय वस्त्रों पर शून्य सीमा शुल्क लगेगा। इससे भारतीय उत्पाद बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अधिक आकर्षक और सस्ते होंगे। इसी प्रकार जूते-चप्पल और चमड़े के उत्पादों के निर्यात पर भी शुल्क समाप्त होने से आगरा, कानपुर और चेन्नई जैसे प्रमुख चमड़ा उद्योग केंद्रों के व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

समझौते के बाद पैक खाद्य पदार्थ, तैयार भोजन तथा समुद्री उत्पादों के भारतीय निर्यातकों के लिए भी ब्रिटेन का बाजार अधिक सुलभ हो जाएगा। इससे इन क्षेत्रों में निर्यात और रोजगार दोनों में वृद्धि की संभावना है। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) के अनुसार केवल सीमा शुल्क में कमी से सभी उद्योगों को समान लाभ नहीं मिलेगा।




नई दिल्ली में सुश्रुत जयंती के मौके पर सौश्रुतम् 2026 के उद्घाटन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दिल्ली के उप-रा%यपाल तरनजीत सिंह संधू के साथ।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में झारखंड विधानसभा परिसर में पूर्व रा%य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# हंगामा करने से बड़ा नेता नहीं बनते, अध्ययन और संवाद से बनती है पहचानः ओम बिरला

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित अमृत महोत्सव के उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय मर्यादाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों पर जोर देते हुए कहा कि वेल में आकर हंगामा करने से कोई बड़ा नेता नहीं बनता. सदन में दिए गए सार्थक भाषण और तर्कपूर्ण बहस ही जनप्रतिनिधि की वास्तविक पहचान बनते हैं. राजस्थान विधानसभा लोकतांत्रिक संस्कारों, संवाद और सहमति की सबसे बड़ी पाठशाला रही है. विधायक जितना अधिक अध्ययन करेंगे, सुनेंगे और विषयों की गहराई समझेंगे, उतना ही प्रभावी ढंग से जनता की आवाज सदन में उठा सकेंगे. सदन में दिए गए भाषण वर्षों तक पढ़े और याद किए जाते हैं, इसलिए जनप्रतिनिधियों को मर्यादित और तथ्यपरक बहस की परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए.

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की सकारात्मक आलोचना लोकतंत्र को मजबूत करती है और विधानसभा जनता की समस्याओं को उठाने का सबसे प्रभावी मंच है. सवाल जितने सार्थक होंगे, शासन उतना ही जवाबदेह बनेगा. उन्होंने कहा कि बेहतर, पारदर्शी और उत्तरदायी शासन की नींव मजबूत विधायी संस्थाओं से ही पड़ती है. अपने विधायक जीवन के अनुभव साझा करते हुए बिरला ने कहा कि 2003 में विधायक बनने के बाद उन्होंने वरिष्ठ नेताओं को सुनकर संसदीय कार्यप्रणाली सीखी. उन्होंने विधानसभा को अपनी पहली पाठशाला बताते हुए कहा कि यहीं से उन्हें लोकतांत्रिक संस्कार और संसदीय मर्यादाओं का ज्ञान मिला. उन्होंने अध्यक्ष पद की गरिमा बनाए रखने पर भी जोर देते हुए कहा कि हर परिस्थिति में संयम, सहजता और निष्पक्षता बनाए रखना पीठासीन अधिकारी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि समय के साथ जनप्रतिनिधियों और शासन, दोनों को अधिक जवाबदेह बनना होगा और अध्ययन, संवाद और मर्यादित बहस की परंपरा को आगे बढ़ाकर लोकतंत्र को और मजबूत करना होगा. अमृत महोत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा का गौरवशाली इतिहास हम सभी के लिए गर्व का विषय है. 1952 से अब तक पूर्व और वर्तमान सभी जनप्रतिनिधियों ने राज्य के विकास की मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. लोकतंत्र हमारी अटूट आस्था और जनतंत्र की आकांक्षाओं का उत्सव है. राजस्थान की 8 करोड़ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हर जनप्रतिनिधि का दायित्व है. उन्होंने सत्ता और विपक्ष से जनहित के मुद्दों पर मिलकर काम करने की अपील करते हुए कहा कि मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जनहित हमेशा सर्वोपरि होना चाहिए. सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन का हर मिनट जनता के हित में उपयोग होना चाहिए और विधायकों को अधिक समय देकर जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए.

## चिन्नास्वामी भगदड़ मामला : पूर्व पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद समेत 3 आईपीएस अधिकारियों को क्लीन चिट

बेंगलुरु,(आरएनएस)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जून 2025 में हुई भगदड़ मामले में राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने पूर्व पुलिस आयुक्त बी. दयानंद समेत तीन आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ चल रही विभागीय जांच समाप्त करते हुए उन्हें क्लीन चिट दे दी है। 4 जून 2025 को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ऐतिहासिक खिताबी जीत के जश्न के दौरान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसी दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए थे।

हादसे के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने जिम्मेदारी तय करते हुए तत्कालीन पुलिस आयुक्त बी. दयानंद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार विकास, तत्कालीन डीसीपी (सेंट्रल) शेखर, एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और एक पुलिस निरीक्षक को निलंबित कर दिया था। मंगलवार को जारी सरकारी आदेश में कहा गया कि संबंधित अधिकारियों के स्पष्टीकरण और प्रशासनिक विभाग की राय की समीक्षा के बाद सक्षम प्राधिकारी ने उनके खिलाफ विभागीय जांच समाप्त करने का निर्णय लिया है।



उत्तराखंड के हरिद्वार ज़िले में %हर की पौड़ी% पर श्रद्धालु अमावस्या के मौके पर गंगा में पवित्र डुबकी लगाते हैं और पूजा-अर्चना करते हुए ।

## महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल- फडणवीस से एनसीपी के दोनों गुटों की मुलाकात, अटकलें तेज

मुंबई,(आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने आधिकारिक आवास %वर्षा% पर सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और शरद पवार गुट (एनसीपी-एसपी) के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात की। इन बैठकों के बाद राज्य में राजनीतिक समीकरण बदलने और एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय को लेकर चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। सूत्रों के अनुसार, एनसीपी (शरद पवार गुट) के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने मंगलवार देर रात मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि बैठक में सांगली जिले की उरण-इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई। हालांकि, इस मुलाकात के राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। इसी दिन सत्तारूढ़ एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने भी मुख्यमंत्री से अलग से मुलाकात की। हालांकि, दोनों बैठकों को एक-दूसरे से जोड़ने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित नेताओं ने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने दावा किया है कि केंद्र सरकार संसद के आगामी मानसून सत्र में प्रस्तावित संविधान (131वां संशोधन) विधेयक को पारित कराने के लिए एनसीपी (एसपी) और डीएमके जैसे दलों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है।

# नितिन गडकरी के खिलाफ भ्रामक जानकारी फैलाना पड़ा भारी, यूट्यूबर मनीष कश्यप समेत 4 इन्फ्लुएंसर पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, टोयोटा और इथेनॉल को लेकर सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी फैलाना कुछ चर्चित चेहरों को भारी पड़ गया है। नागपुर शहर की साइबर पुलिस ने इस मामले में सख्त कदम उठाते हुए मशहूर यूट्यूबर मनीष कश्यप समेत चार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन सभी पर अपनी पोस्ट और वीडियो के जरिए सरकार की छवि खराब करने और आम जनता के बीच भ्रम फैलाने का गंभीर आरोप लगा है। यह पूरी कार्रवाई नागपुर शहर के बीजेपी सोशल मीडिया सेल के अध्यक्ष शिशिर त्रिपाठी की शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत मिलने के बाद नागपुर शहर साइबर पुलिस थाने में यूट्यूबर मनीष कश्यप, इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर देसी बॉयज , हर्षित राठी और अंकलेश इनवाते के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में इन चारों के यूट्यूब और इंस्टाग्राम खातों के लिंक और उन आपत्तिजनक वीडियो का भी विशेष रूप से जिक्र किया गया है, जिनमें इथेनॉल से जुड़े दावों को बिना किसी ठोस प्रमाण के प्रस्तुत किया गया और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बारे में भ्रामक बातें कही गईं। नागपुर साइबर पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352, 356 और 296 के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## भ्रष्टाचार मामलाः पूर्व डीएमके मंत्री को मिली राहत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाई कोर्ट के हाल के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पूर्व मंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेता ईवी वेलु के खिलाफ करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के मामले में किसी भी तरह की सख्त कार्रवाई पर रोक लगा दी गई थी.

यह मामला जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच के सामने आया. बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट पहले ही वेलु को जांच में शामिल होने का निर्देश दे चुका है. सुनवाई के दौरान, तमिलनाडु सरकार की ओर से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने एक रद्द करने वाले मामले में गिरफ्तारी पर पूरी तरह रोक लगा दी, जबकि इसके लिए कोई खास प्रार्थना भी नहीं की गई थी.



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय, चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित भर्ती कार्यक्रम के दौरान एक उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।



कोलकाता के बनबीतान बायोडायवर्सिटी पार्क में अरण्य सप्ताह के उद्घाटन के दौरान पश्चिम बंगाल के मंत्री सुवेंदु अधिकारी, पश्चिम बंगाल के पर्यावरण मंत्री मनोज कुमार उरांव और पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री शरद्वत मुखर्जी।

# राम मंदिर के सीईओ बनने की होड़, 24 घंटे में 1000 से ज्यादा आवेदन; रिटायर्ड अफसरों में सबसे ज्यादा उत्साह

अयोध्या,(आरएनएस)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ष्टश्वह्र) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाने के बाद देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के महज 24 घंटे के भीतर ही इस पद के लिए 1,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की बताई जा रही है।

राम मंदिर ट्रस्ट ने नए ष्टश्वह्र के चयन के लिए तीन सदस्यीय सर्च कमेटी का गठन किया है। भर्ती का नोटिफिकेशन जारी होते ही समिति के आधिकारिक ई-मेल पर बड़ी संख्या में आवेदन आने शुरू हो गए। आवेदन की अंतिम तिथि 18 जुलाई निर्धारित की गई है। माना जा रहा है कि तब तक आवेदनों की संख्या कई हजार तक पहुंच सकती है।

उम्मीद से कहीं अधिक आवेदन मिलने के कारण सर्च कमेटी के सामने चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से पूरा करने की चुनौती है। इसके लिए समिति आवेदनों की प्रारंभिक जांच और पात्रता की समीक्षा हेतु एक सचिव नियुक्त करेगी।

सर्च कमेटी की 19 जुलाई को अहम बैठक प्रस्तावित है, जिसमें प्राप्त आवेदनों की समीक्षा और आगे की चयन प्रक्रिया पर फैसला लिया जाएगा। प्रारंभिक छंटनी के बाद योग्य उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार (पर्सनल इंटरव्यू) के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर ऑनलाइन इंटरव्यू का विकल्प भी अपनाया जा सकता है। वहीं, 22 जुलाई को होने वाली ट्रस्ट की बैठक में सर्च कमेटी अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश कर सकती है।


इस बीच उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने भी राम मंदिर के ष्टश्वह्र पद के लिए आवेदन करने की पुष्टि की है।

तीन सदस्यीय सर्च कमेटी करेगी चयन

नए ष्टश्वह्र के चयन की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस प्रमोद कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विष्णुकांत चतुर्वेदी और वरिष्ठ वैज्ञानिक सुरेश हावड़े की तीन सदस्यीय सर्च कमेटी को सौंपी गई है।

ये हैं योग्यता और शर्तें

राम मंदिर ट्रस्ट ने इस पद के लिए कड़े मानदंड तय किए हैं। आवेदक की आयु 50 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए।



बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस मौनी रॉय इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ और पैपराजी के साथ हुए एक तीखे विवाद को लेकर सुर्खियों में हैं। मुंबई में हाल ही में बाहर निकलने के दौरान मौनी रॉय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे फोटोग्राफर्स पर अपना गुस्सा जाहिर करती नजर आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि मौनी के कार में बैठ जाने के बाद भी जब पैपराजी ने कैमरा बंद नहीं किया,

जबलपुर दिन शुक्रवार 17 जुलाई 2026 दैनिक क्षितिज किरण 6

# रेड वेलवेट गाउन में कंगना शर्मा ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

अपनी बोल्डनेस और बेहतरीन स्टाइल स्टेटमेंट के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस कंगना शर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें साझा की हैं, जिन्हें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं।

तस्वीरों में कंगना शर्मा चमकीले लाल रंग का एक शानदार वेलवेट गाउन पहने नजर आ रही हैं। यह एक थाई-हाई स्लिट गाउन है, जो उनके टोंड लेग्स को पूरी तरह फ्लॉन्ट कर रहा है।

गाउन का डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन डिजाइन कंगना के लुक को और भी ज्यादा बोल्ड और सिजलिंग बना रहा है। इस फुल-स्लीव्स आउटफिट के साथ उन्होंने मैचिंग रेड कलर का स्लिंग बैग कैरी किया हुआ है, जो उनके ओवरऑल अपीयरेंस को कॉम्प्लीमेंट कर रहा है।

कंगना ने अपने इस लुक को पूरा करने के लिए बोल्ड रेड लिपस्टिक लगाई है, जो उनके चेहरे पर काफी निखर कर आ रही है। स्मोकी आइज और परफेक्ट ब्लश के साथ उनका फेशियल ग्लो देखते ही बनता है।

बालों की बात करें तो उन्होंने अपने वेवी हेयर्स को साइड-पार्टिंग के साथ खुला रखा है, जो उनके कंधों पर बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। गले में पहना हुआ हैवी स्टेटमेंट सिल्वर नेकपीस उनके नेकलाइन को एक रॉयल टच दे रहा है।



खुले आसमान के नीचे रात के वक्त क्लिक की गई इन तस्वीरों में कंगना का कॉन्फिडेंस साफ नजर आ रहा है। कंगना एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। रेड हील्स पहने हुए उनके ये कातिलाना पोज इंटरनेट का तापमान बढ़ाने के लिए काफी हैं।

### सलमान खान की मातृभूमि के लिए करना पड़ सकता है लंबा इंतजार, आया ये अपडेट

सलमान खान की फिल्म मातृभूमि- मे वॉर रेस्ट इन पीस को अगस्त में रिलीज किया जाना था। अब लगता है कि फैंस को इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है, क्योंकि इसकी रिलीज के आसार इस साल तो दूर-दूर तक नहीं दिख रहे हैं। ताजा अपडेट है कि फिल्म को रिलीज करने की हर संभव कोशिश जारी है, लेकिन यह इस साल तक टल सकती है। बता दें, फिल्म मातृभूमि का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है।

### लोकेश कनगराज का धाकड़ डेब्यू, डीसी में खूंखार देवदास बनकर हिला देंगे पर्दा, रिलीज़ डेट तय

डीसी की रिलीज़ डेट तय हो गई है। मशहूर डायरेक्टर लोकेश कनगराज इस फ़िल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रख रहे हैं। फ़िल्म का नाम डीसी है और इसे अरुण मथेश्वरन डायरेक्ट कर रहे हैं। फ़िल्म में वामिका गब्बी फीमेल लीड रोल में हैं।

ताज़ा जानकारी के मुताबिक, मेकर्स ने फ़िल्म की रिलीज़ डेट तय कर ली है। यह फ़िल्म 31 जुलाई 2026 को रिलीज़ होगी। मेकर्स ने किरदारों को दिलचस्प और आकर्षक अंदाज़ में पेश करते हुए नया पोस्टर जारी करके इसकी पुष्टि की।

पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा, देवदास और चंद्रा बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं! डीसी 31 जुलाई से दुनिया भर में रिलीज़ हो रही है।

# पिटबुल के कॉन्सर्ट में झूमीं अनन्या पांडे, गाया रेन ओवर मी सॉन्ग

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने हाल ही में विंबलडन 2026 पुरुष एकल सेमीफाइनल का मुकाबला देखा। इसके बाद उन्होंने क्यूबा-अमेरिकी रैपर पिटबुल के कॉन्सर्ट का आनंद लेते हुए अपनी कुछ झलकियां भी सोशल मीडिया पर साझा की। अपनी सोशल मीडिया स्टोरी में अनन्या पांडे ने पहले विंबलडन मुकाबले की कुछ झलकियां साझा कीं। इसके बाद उन्होंने पिटबुल के कॉन्सर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में वह अन्य प्रशंसकों के साथ वर्ष 2011 के लोकप्रिय गीत रेन ओवर मी पर झूमती और गाती नजर आईं। इस वीडियो के साथ अनन्या पांडे ने कैप्शन में लिखा, पिटबुल एट द पार्क।

रेन ओवर मी पिटबुल का लोकप्रिय गीत है, जो उनके छठे स्टूडियो एल्बम प्लैनेट पिट का हिस्सा है। इस गीत में प्यूर्टो रिको-अमेरिकी गायक मार्क एंथनी ने भी अपनी आवाज दी है। इस गीत को पिटबुल, मार्क एंथनी और उनके सहयोगी गीतकारों ने मिलकर लिखा था।



पिटबुल ने अपने संगीत करियर की शुरुआत 2000 के दशक की शुरुआत में की थी। वह रेगेटन, लैटिन हिप-हॉप और क्रंक संगीत के लिए जाने जाते हैं। उनका पहला एल्बम एम.आई.ए.एम.आई. था। इसके बाद उनके एल्बम एल मारिएल और द बोटलिफ्ट भी काफी लोकप्रिय हुए और बिलबोर्ड 200 की सूची में शामिल हुए।

पिटबुल के चौथे एल्बम पिटबुल स्टारिंग इन रेबेल्यूशन ने उन्हें मुख्यधारा में बड़ी पहचान दिलाई। इस एल्बम के आई नो यू वांट मी (कैले ओचो) और होटल रूम सर्विस जैसे गीत काफी लोकप्रिय हुए।

इससे पहले अनन्या पांडे पेरिस हॉट कूचर वीक में शामिल हुई थीं। इसके बाद वह विंबलडन में भी बेहद आकर्षक अंदाज में नजर आईं। मैच के दौरान उन्होंने चमकीले लाल रंग की पॉपलिन ड्रेस पहनी हुई थी।

# दुनियाभर में लेनिन का तहलका, तीन दिन में धुआंधार कमा डाले करोड़ो, अखिल अक्किनेनी की बनी सबसे बडी हिट

अखिल अक्किनेनी की फिल्म लेनिन 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. मुरली किशोर अब्बुरु के निर्देशन में बनी इस रूरल एक्शन ड्रामा फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. दमदार ओपनिंग के बाद फिल्म की कमाई में वीकेंड पर भी जबरदस्त उछाल देखा गया. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को कितना कलेक्शन किया है? लेलिन को सिनेमाघरों मे रिलीज होन के बाद क्रिटिक्स से मिला-जुला रिव्यू मिल था. बावजूद इसके इस फिल्म को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं. फिल्म की अच्छी शुरुआत हुई थी और अपने ओपनिंग वीकेंड पर भी ये ऑडियंस को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रही.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो लेलिन ने पहले दिन 7.15 करोड़ रुपये कमाए थे. इसके बाद दूसरे दिन इसने 8.65 करोड़ का कारोबार किया.वहीं अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक लेलिन ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 2 हजार 324 शो से 9.65 करोड़ की नेट कमाई की है.

इससे भारत में फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 25.45 करोड़ हो गया है. वहीं भारत में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 29.27 करोड़ रुपये हुआ है.

लेनिन ने दुनियाभर में भी बॉक्स ऑफिस हिला डाला है. इसने ओवरसीज में तीसरे दिन 2.00 करोड़ कमाए, जिससे विदेश में इसका कुल ग्रॉस कलेक्शन 7.80 करोड़ हो गया है. वहीं दुनिया भर इसकी कुल ग्रॉस कमाई अब 37.07 करोड़ रुपये हुई है.

# धमाल 4 का दुनियाभर में कहर, अल्फा से पेद्दी तक 26 फिल्मों के उड़ाए परखच्चे, 100 करोड़ से रह गई इंचभर दूर

अजय देवगन की फिल्म धमाल 4 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। अपने नाम की तरह ही इस कॉमेडी-ड्रामा ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचाकर रख दिया है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म धमाल फ्रैंचाइजी की चौथी कड़ी है, जो रिलीज के बाद से ताबड़तोड़ कारोबारी करती जा रही है। इसके आगे आलिया भट्ट की अल्फा और अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल का कैसा हाल रहा? आइए जानते हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक, इसने रिलीज के तीसरे दिन 28.50 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया है।

फिल्म ने 14 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला था और दूसरे दिन 22.50 करोड़ रुपये कमाए थे।

इसके बाद घरेलू स्तर पर फिल्म कुल 65 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। वहीं इसका वैश्विक कुल कलेक्शन 92 करोड़ तक पहुंच गया है।

फिल्म में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, रवि किशन और जावेद जाफरी भी अहम किरदारों में शामिल हैं।

उधर आलिया अभिनीत फिल्म अल्फा ने रिलीज के 10वें दिन 2.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसी के साथ घरेलू स्तर पर फिल्म का कुल नेट कलेक्शन एक सप्ताह में महज 53.60 करोड़ रुपये हो सका है। फिल्म में शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर भी हैं। दूसरी ओर, वेलकम टू द जंगल भी सुस्त गति से आगे बढ़ रही है। इसने 17वें दिन 1.90 करोड़ कमाए हैं, जिससे कुल कलेक्शन अब 129.55 करोड़ रुपये हो गया है।

### सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर जारी, स्कूल की व्यवस्था सुधारते दिखे केके मेनन

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है।

बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैम्ब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता है।

उनकी इसी इच्छा के कारण वे अपनी टीचर्स की टीम के साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं, लेकिन बिगड़ेल बच्चों की हरकतों की वजह से उसे कैम्ब्रिज का सपना अधूरा लगने लगता है। इस बीच उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

ट्रेलर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, बच्चों की मस्ती और मनोरंजन से भरपूर एक सीरीज की झलक देखने को मिलती है।

आदर्श बाल विद्यालया सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे।

# क्या आपको निर्णय लेते समय महसूस होता है तनाव? इन 5 संकेतों से चलेगा पता

हम रोजमर्रा के जीवन में कई छोटे-बड़े फैसले लेते हैं, जैसे क्या पहनना है, क्या खाना है या कौन-सा शो देखना है। इन फैसलों का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा असर पड़ता है। अगर आपको लगता है कि आप लगातार छोटे-छोटे फैसलों में भी थकावट महसूस कर रहे हैं तो यह संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। आइए इसके 5 संकेत जानते हैं।

लगातार फैसले लेने में थकान होना

अगर आप रोजाना कई छोटे-छोटे फैसलों में भी थकावट महसूस करते हैं तो यह एक जरूरी संकेत हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर आप रोजाना यह सोचते हैं कि आज क्या पहनना है या क्या खाना है और इससे आपको मानसिक रूप से परेशानी होती है तो यह दिखाता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। ऐसी स्थिति में आपको अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव करने की जरूरत हो सकती है।

छोटी-छोटी बातों पर ज्यादा सोच-विचार करना

अगर आप छोटी-छोटी बातों पर ज्यादा सोचते रहते हैं तो यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। जैसे कि क्या



खाना है या कौन-सा कपड़ा पहनना है, इन मामलों में ज्यादा सोचने से मानसिक ऊर्जा खत्म हो सकती है। इससे आपका मूड भी प्रभावित होता है और आप चिड़चिड़े हो सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप कुछ फैसले पहले ही तय कर लें, ताकि आपको बार-बार सोचना न पड़े।

मूड में उतार-चढ़ाव आना

अगर आपका मूड बार-बार बदलता रहता है और आप खुद को उदास या चिड़चिड़ा महसूस करते हैं तो यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। ऐसा अक्सर तब होता है जब हम ज्यादा सोचते हैं या छोटे-छोटे फैसलों में उलझे रहते हैं। इस स्थिति में खुद को थोड़ा समय देना जरूरी है, ताकि आप आराम कर सकें और अपनी मानसिक ऊर्जा को फिर से प्राप्त कर सकें।

ज्यादा चिंता होना

अगर आप अक्सर बहुत ज्यादा चिंता करते रहते हैं, खासकर छोटे-छोटे मामलों को लेकर तो यह एक जरूरी संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट है। ज्यादा चिंता करने से मानसिक ऊर्जा खत्म हो सकती है और आप खुद को बहुत थका हुआ महसूस कर सकते हैं। इस स्थिति में आपको अपनी दिनचर्या में थोड़ा बदलाव करने की जरूरत हो सकती है, ताकि आप आराम कर सकें और अपनी मानसिक ऊर्जा को फिर से प्राप्त कर सकें।

खुद पर शक करना

अगर आप अक्सर अपने फैसलों पर शक करते रहते हैं और खुद को गलत ठहराते रहते हैं तो यह भी एक जरूरी संकेत हो सकता है कि आपको निर्णय लेने की थकावट हो रही है। ऐसा अक्सर तब होता है जब हम ज्यादा सोचते या छोटे-छोटे फैसलों में उलझे रहते हैं। इस स्थिति में खुद पर शक करना बंद करें और अपने फैसलों पर विश्वास रखें, ताकि आपकी मानसिक ऊर्जा फिर से प्राप्त हो सके।

# लेस के कपड़े पहनने की शौकीन हैं? इन 5 आउटफिट को बनाएं अलमारी का हिस्सा

लेस एक ऐसा कपड़ा है, जो नाजुकता और आकर्षण का अनोखा मेल प्रस्तुत करता है। यह न केवल सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि आराम भी देता है। आजकल लेस के कपड़े बहुत लोकप्रिय हो गए हैं, खासकर महिलाओं के बीच। इस लेख में हम आपको 5 ऐसे लेस के कपड़ों के बारे में बताएंगे, जो आपकी अलमारी में चार चांद लगा सकते हैं और आपको हर मौके पर खास महसूस करवाएंगे।

लेस की ड्रेस

लेस की ड्रेस किसी भी अवसर पर पहनने के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती है। चाहे वह शादी हो या कोई पार्टी, लेस की ड्रेस हमेशा आकर्षक लगती है।

यह न केवल आपको सुंदर दिखाती है, बल्कि आरामदायक भी होती है। आप इसे अपने पसंदीदा जूतों और गहनों के साथ मिलाकर एक पूरा लुक बना सकती हैं।

लेस की ड्रेस पहनने से आपका लुक न केवल खास लगेगा, बल्कि आप आत्मविश्वास से भरी भी महसूस करेंगी।

लेस टॉप

लेस टॉप रोजमर्रा के उपयोग के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इन्हें जींस या स्कर्ट के साथ पहना जा सकता है, जिससे आपका लुक हमेशा नया और ताजगी भरा लगेगा।



लेस टॉप न केवल स्टाइलिश होते हैं, बल्कि इन्हें पहनने से आपको पूरा दिन आराम भी महसूस होता है। इन्हें खास मौकों पर भी पहना जा सकता है।

लेस टॉप आपके कपड़े के संग्रह में एक अहम हिस्सा बन सकते हैं, जो हर मौके पर आपको खास बनाएंगे।

लेस स्कर्ट

लेस स्कर्ट किसी भी महिला की अलमारी में होना जरूरी होता है। इसे किसी भी साधारण टी-शर्ट या ब्लाउज के साथ मिलाकर पहना जा सकता है।

लेस स्कर्ट पहनने से आपका लुक न केवल खास लगेगा, बल्कि आप आत्मविश्वास से भरी भी महसूस करेंगी। इसे ऊंची एड़ी के जूतों के साथ पहनने से आपका लुक और भी आकर्षक बनता है।

लेस स्कर्ट आपके कपड़े के संग्रह में एक अहम हिस्सा बन सकती है, जो हर मौके पर आपको खास बनाएगा।

लेस जैकेट

लेस जैकेट ठंड के मौसम में भी फैशन का हिस्सा बन सकती हैं। इन्हें किसी साधारण कुर्ते या टी-शर्ट के ऊपर पहनें और अपना लुक पूरा करें। लेस जैकेट न केवल आपको गर्म रखेगी, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाएगी। इसे जींस या फॉर्मल पैंट, दोनों के साथ पहना जा सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -099

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 098 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | यों | | न |
| | मैं | | | ज | र | दा | | |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। जबलपुर स्थित सिहोरा में आबकारी विभाग की टीम ने पौड़ी-मझौली रोड पर ग्राम पौड़ी के पास घेराबंदी कर अवैध विदेशी शराब से भरी एक मारुति सुजुकी अर्टिगा कार ( एमपी 52 टीए 0474 ) पकड़ी है. मुखबिर से मिली पक्की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई. जब टीम ने कार की तलाशी ली, तो उसमें से बैगपाइपर व्हिस्की, लंदन प्राइड, स्मरनॉफ़ जामुन, रॉयल स्टैग, रॉयल चैलेंज और मैकडॉवेल ब्रांड की कुल 8 पेटी विदेशी शराब मिली. जब्त की गई शराब कुल 70.02 बल्क लीटर है.



# नगर निगम मजिस्ट्रेट की बड़ी कार्रवाई, डेरी संचालकों पर सख्ती, 8,000 रूपये का लगाया जुर्माना, एफ.आई.आर. दर्ज करने के दिये निर्देश




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम मजिस्ट्रेट अरुण गोयल के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र में संचालित अवैध डेरी व्यवसाय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान विभिन्न डेरी परिसरों का निरीक्षण किया गया, जहां लगभग 250 भैंसें पाई गईं। निरीक्षण के दौरान डेरी संचालक अमन यादव पर नगर निगम नियमों के उल्लंघन के आरोप में 5,000 रूपये का स्पॉट फाइन लगाया गया, साथ ही संबंधित मामले में एफ.आई.आर. दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। एक अन्य डेयरी पर गंदगी पाई जाने पर 3000 रूपये का जुर्माना किया गया। नगर निगम ने सभी डेयरी संचालकों को 20 दिनों की अंतिम मोहलत देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर यदि डेरी को नगर निगम क्षेत्र से नहीं हटाया गया, तो संबंधित डेरी में मौजूद भैंसों को जब्त किया जाएगा तथा अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने कहा कि शहर में स्वच्छता बनाए रखने और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यवाही में नगर निगम मैजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोयल, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक वैभव तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक अमन चैरसिया, अतिक्रमण दल प्रभारी अंकित परस, अमितकांत दुबे, क्रांति समद, सुपरवाइजर राजा, रवि एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

# कायस्थ वूमेन क्लब ने साउथ इंडियन कार्यक्रम आयोजित किये



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ईरा नंदनी कायस्थ वूमेंस क्लब ने दक्षिण भारतीय परंपराओं और पूजा विधि के साथ नई कार्यशाला आयोजित की इस कार्यशाला में दक्षिण भारतीय स्वागत तथा परंपरागत पूजा तथा देवी उपासना की विधि और संस्कृत श्लोक में स्पष्ट के विषय में विशेष नई जानकारियां प्रदान की गई इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष अंशुल वर्मा और महासचिव सिमरन सक्सेना ने सामाजिक उथान के लिए नए प्रदेश एवं नए संस्कार का जीवन में महत्व बताया।

सभी ने मिलकर साउथ इंडियन गानों पर डांस किया और गेम्स भी खेले। कार्यक्रम का संचालन सिमरन सक्सेना और निधि खरे ने किया। बेस्ट और परफेक्ट साउथ इंडियन परिधान के लिए मनीषा खरे फर्स्ट , आयुषी सक्सेना सेकंड और डॉ. नम्रता चंद्रा थर्ड पुरस्कार प्राप्त किया । इसके साथ ही अंशुल वर्मा, शशि श्रीवास्तव, नम्रता वर्मा, राजश्री खरे और डॉ. रुचि खरे को भी कंसोलेशन प्राइज दिया गया। गेम्स के भी प्राइज दिये गये ।गेम्स और परिधान का जजमेंट मनीषा श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर संस्था की , नम्रता श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, निरुपमा वर्मा, नमिता श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, नीरू वर्मा, पद्मा खरे, ममता श्रीवास्तव व अन्य सदस्य उपस्थित थे7 कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन निधि खरे ने किया

# नीट पेपर लीक में जान गंवाने वाले विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की उठी मांग



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में मालवीय चौक में नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण से आहत होकर अपनी जान गंवाने वाले विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर दिल्ली में पिछले 18 दिनों से शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं जवाबदेही की मांग को लेकर आंदोलनरत समाजसेवी सोनम वांगचुक के आंदोलन का भी समर्थन व्यक्त किया गया। संयुक्त संघर्ष समिति ने मांग की कि नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए ?र केंद्रीय शिक्षा मंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए । कार्यक्रम में सुबोध रिछारिया, रामरतन यादव, रजनीश दुबे, घनश्याम यादव, सतीश तिवारी, डॉ राजेंद्र पिल्ले, शिवकुमार चौबे, राजकुमारी बंसल, माया हुरमाडे, नोखे लाल प्रजापति, मनोज बागमरे, संतोष मराठा, धर्मेंद्र कुशवाहा, सोमवारु कोल, अमित पांडे, मेहंदी हसन, जितेंद्र यादव, उमेश पटेल, रंजन यादव, मदन शर्मा, अभिलाष दीक्षित, रिंकू कुशवाहा, विनय नेमा, हिमांशु बिंद्रा, अशोक यादव, अनुराग सिंह, नरेश चक्रवर्ती, सुधीर शर्मा, अतुल लोधी, मुन्ना सेन आदि उपस्थित रहे।

# नया बाजार के दो व्यापारियों से प्रिमियम राशि की वसूली बाजार विभाग ने की कार्यवाही, दो व्यापारियों ने जमा किये 82 लाख 52 हजार रुपये



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम के बाजार विभाग ने एक अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए अपने इतिहास में एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन और बाजार अधीक्षक राजेन्द्र दुबे ने नया बाजार स्थित निगम स्वामित्व की दुकान क्रमांक 32 एवं 33 की पूरी प्रीमियम राशि एक साथ जमा कराई है। दोनों व्यापारियों ने कुल 82 लाख 51 हजार 9 सौ 34 रुपये प्रिमियम राशि के चेक निगम कोष में जमा कर दिये हैं। जिसके बाद विभाग द्वारा उन्हें विधिवत रसीदें जारी कर दी गई हैं। बाजार विभाग के इतिहास में यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी धनराशि एकमुश्त और इतने सुचारू रूप से जमा हुई है।

उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन और बाजार अधीक्षक राजेन्द्र दुबे ने बताया कि निगमायुक्त की प्रशासनिक दूरदर्शिता और व्यापारियों के साथ निरंतर सकारात्मक समन्वय के कारण सह जटिल प्रक्रिया बेहद आसानी से पूरी हो सकी। विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के आपसी तालमेल और सकारात्मक प्रयासों के कारण ही इस ऐतिहासिक रिकवरी की गयी।

# स्टेट बार चुनाव की प्रथम वरीयता के वोटो की मतगणना अंतिम चरण की ओर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मप्र मे अधिवक्ताओ की सर्वोच्च संस्था स्टेट बार कौंसिल के प्रति 5 वर्ष मे होने वाले चुनाव विगत 12 मई को संपन्न होने के 16 जून से प्रथम वरीयता के मतों की मतगणना निरंतर जारी हैं

गुरुवार को रीवा शहर की मतपेटिया खुलने के उपरांत प्रथम वरीयता के वोटो की गणना अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। तदानुसार प्रत्याशियों मे राकेश सिंह भदौरिया इंदौर , विवेक सिंह इंदौर , आर. के सिंह सैनी जबलपुर, हितोषी जय हार्डिया इंदौर, अखिलेश कुमार सक्सेना, इंदौर बढ़त बनाये हुये हैं । महिला प्रत्याशियों मे प्रतीका पाठक ग्वालियर, प्रवीण तिवारी रीवा, अन्नू पटेल सीधी, प्रतिभा वालिया इंदौर, रश्मि ऋतु जैन सागर बढ़त बनाये हुये हैं ।

# छात्राओं की सुरक्षा को लेकर मानव अधिकार संगठन ने एएसपी को ज्ञापन सौंपा- स्कूल-कॉलेजों के आसपास बढ़ेगी पुलिस निगरानी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।. मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा से मुलाकात कर स्कूल, कॉलेज, छात्रावास एवं सिविल लाइंस क्षेत्र में छात्राओं से छेड़छाड़ की बढ़ती शिकायतों पर ज्ञापन सौंपा। एएसपी शर्मा ने संगठन को आश्वस्त किया कि शहर के सभी शिक्षण संस्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी तथा मजनू स्क्वॉड को प्रभावी बनाकर छेड़छाड़ और असामाजिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकौशल कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली नशामुक्ति रैली




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में मनोविज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हम सब ने ये ठाना है, भारत को नशा मुक्त बनाना है का नारा लगाकर नशामुक्त भारत का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल पटेल एवं श्रीमती बुशरा खान ने किया। इस अवसर पर डॉ. वंदना जैन, एनएसएस अधिकारी साक्षी मरावी तथा मनोवैज्ञानिक काउंसलर सुश्री साक्षी श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। रैली के समापन पर सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने स्वयं नशामुक्त रहने तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

# विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में हुई सेमिनार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान में दो दिवसीय इंटीरियर डिज़ाइन सेमिनार का शुभारंभ हुआ। सेमिनार में बाथरूम सॉल्यूशन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी जैगुआर के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक बाथरूम डिज़ाइन, स्पेस प्लानिंग, सैनिटरीवेयर, फिटिंग्स तथा बाथरूम ओरिएंटेशन से जुड़ी नवीन तकनीकों और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आधुनिक इंटीरियर डिज़ाइन में बाथरूम की उपयोगिता एवं सौंदर्य के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया।

सेमिनार में लगभग 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में कौशल विकास संस्थान के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र सिंह तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि संस्थान द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के उद्योग आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों एवं व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराया जा सके। इस अवसर पर सनमीत सिंह, जैगुआर, राकेश दुबे, अंकित नेमा, पार्थ चावला, विजय सेल्स उपस्थित रहे संचालन क्षिप्रा प्रधान ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजय मिश्रा ने किया 7

# लायंस क्लब जबलपुर का 66वां शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लायंस क्लब जबलपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होटल ट्रायो मैक्स में गरिमामय वातावरण मे सम्पन्न हुआ।जिसमें पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन राजीव अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य , शपथ अधिकारी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन नरेन्द्र जैन , विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन नीलम खरे एवं जोन चेयरपर्सन लायन मनीषा सोनी थी। नवीन कार्यकारिणी में लायन अनुरोध तिवारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष लायन मनोज जैन, लायन भूमिका पटेल, लायन मीता पटेल, लायन राजेंद्र सोनी सचिव, लायन रेखा पटेल सह सचिव, लायन ज्ञान गोलछा कोषाध्यक्ष, टेमर लायन राजेश मराड़िया, टेल ट्विस्टर लायन नरेश श्रीवास्तव ने अपने अपने दायित्वों की शपथ ली। संरक्षक के रूप मे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन राजीव अग्रवाल , लायन अरुण जे देशमुख , लायन मंगलचंद टाटिया ने ,

लायन एम के सोनम, लायन आनंद जैन, लायन महेश चौरड़िया, लायन मुकेश अग्रवाल ने सलाहकार के रूप मे एवं क्लब में लायन दयाराम पटेल एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर, लायन दीपक पोपट मेम्बरशिप चेयरपर्सन, लायन जवाहर पटेल सर्विस चेयरपर्सन, एमजेएफ लायन उमेश जैन ने मार्केटिंग चेयरपर्सन के रूप मे शपथ ली।

सभा के दौरान डिस्ट्रिक्ट के सबसे पुराने क्लब लायंस क्लब जबलपुर के अति वरिष्ठ सदस्य लायन अरुण जे देशमुख ने जिन्होंने क्लब की सदस्यता के 60 वर्ष पूर्ण किए जिसके लिए लायंस इंटरनेशनल से प्राप्त पिन उन्हें प्रदान की गई एवं क्लब द्वारा शॉल श्रीफल माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मल्टीपल सर्टिफिकेट से एवं एक्सिलेंस मेडल से पूर्व ज़ोन चेयरपर्सन लायन अंकिता जैन को सम्मानित किया गया। सभी साथियों ने करतल ध्वनि से उनका अभिनन्दन किया।

## पश्चिम मध्य रेल के ब्योहारी, साँची, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी एवं गंगापुर सिटी जंक्शन शामिल

# प्रधानमंत्री 20 राज्यों में 75 पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई 2026 को जालंधर (पंजाब) से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 20 राज्यों में स्थित 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। लगभग 1,570 करोड़ रुपये की लागत से विकसित ये स्टेशन विश्व के सबसे बड़े स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रमों में शामिल हैं। 卐विरासत भी, विकास भी卐 की भावना पर आधारित इन स्टेशनों का पुनर्विकास स्थानीय संस्कृति, विरासत एवं आधुनिक वास्तुकला के समन्वय के साथ किया गया है, जिससे प्रत्येक स्टेशन को उसकी विशिष्ट पहचान प्राप्त हुई है।


पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत मध्य प्रदेश के ब्योहारी, साँची, विदिशा, अशोकनगर एवं शिवपुरी तथा राजस्थान के गंगापुर सिटी जंक्शन रेलवे स्टेशन भी आधुनिक स्वरूप में विकसित होकर यात्रियों की सेवा के लिए तैयार हैं। इन स्टेशनों के पुनर्विकास पर ब्योहारी ( ?20 करोड़), साँची ( ?15 करोड़), विदिशा ( ?29 करोड़), अशोकनगर ( ?22 करोड़), शिवपुरी ( ?22 करोड़) तथा गंगापुर सिटी जंक्शन ( ?25 करोड़) सहित कुल 133 करोड़ रुपये से अधिक की लागत व्यय की गई है।

आधुनिक वास्तुशिल्प, अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं तथा दिव्यांगजन-अनुकूल अधोसंरचना से सुसज्जित ये स्टेशन अब क्षेत्रीय विकास, पर्यटन संवर्धन तथा आधुनिक भारतीय रेलवे की नई पहचान के रूप में स्थापित होंगे।

17 जुलाई 2026 को इन सभी पुनर्विकसित स्टेशनों पर भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किए जाएंगे। समारोह में माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय केंद्रीय रेल मंत्री, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, माननीय केंद्रीय मंत्री, माननीय सांसद, माननीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी, यात्रीगण तथा रेलवे अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पुरस्कार वितरण एवं लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे।

स्टेशनों का पुनर्विकास स्थानीय संस्कृति एवं आधुनिक वास्तुकला के समन्वय को केंद्र में रखकर किया गया है। नई डिज़ाइन अवधारणा ने स्टेशनों को आकर्षक, विशिष्ट एवं सांस्कृतिक पहचान प्रदान की है, जिससे आगंतुकों को प्रथम दृष्टि में ही संबंधित क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का अनुभव होता है।पुनर्विकास के अंतर्गत स्टेशन भवनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए यात्री सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया गया है। प्लेटफॉर्मों पर नए एवं विस्तृत शेड, आरामदायक बैठने की व्यवस्था तथा उच्च गुणवत्ता वाली सतह विकसित की गई है। यात्रियों को त्वरित एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली, कोच पोजिशन डिस्प्ले बोर्ड एवं अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किए गए हैं।

स्टेशन परिसरों के सर्कुलेटिंग एरिया का सुव्यवस्थित विकास एवं सौंदर्यीकरण किया गया है। पार्किंग व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाया गया है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। - थाना घमापुर में रात कृष्णा चौहटेल उम्र 16 वर्ष निवासी न्यू कछियाना द्वारकानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कक्षा 11 वीं खालसा स्कूल में पढ़ाई करता है दिनांक 15-7-26 की शाम लगभग 4 बजे घर के बाहर टहल रहा था तभी चिराग पनघेरा अपने अन्य साथियों के साथ आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर चिराग पनघेरा गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर चिराग ने चाकू से हमलाकर वायें पैर की जांघ में चोट पहुँचा दी चिराग के साथियों ने हाति मुक्कों एवं बेल्ट से मारपीट कर उसके पेट, सिर पीठ में चोटें पहुँचा

# क्या बोलती पब्लिक अभियान के तहत कॉंग्रेस जनों ने नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रशासनिक निष्क्रियता, राजनीतिक पक्षपात एवं शहर की बदहाल मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विरोध में नगर निगम मुख्यालय का किया घेराव



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। नगर की जनता आज नगर निगम की भ्रष्ट, संवेदनहीन एवं जनविरोधी कार्यप्रणाली से अत्यंत आहत, पीड़ित एवं आक्रोशित है। नगर निगम का मूल दायित्व नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, किंतु वर्तमान परिस्थितियों में नगर निगम अपने संवैधानिक एवं वैधानिक दायित्वों के निर्वहन में पूर्णतः विफल सिद्ध हो रहा है।

घेराव कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री,विधायक श्री लखन घंघोरिया ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर, जो कभी अपनी स्वच्छता, प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत एवं सुव्यवस्थित नगरीय व्यवस्थाओं के लिए पूरे देश में सम्मानपूर्वक पहचाना जाता था, आज भ्रष्टाचार, प्रशासनिक उदासीनता, अव्यवस्था एवं राजनीतिक भेदभाव का प्रतीक बनता जा रहा है। विडंबना यह है कि केंद्र, प्रदेश एवं नगर निगम में एक ही दल की सरकार होने के बावजूद शहर की जनता आज भी पेयजल, स्वच्छता, सड़क, प्रकाश, सीवर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को विवश है।

शहर कॉंग्रेस के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा की निगम प्रशासन एवं सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों की कथित मिलीभगत के कारण विकास कार्यों में पारदर्शिता समाप्त होती जा रही है। करोड़ों रुपये की विकास योजनाएँ केवल कागजों तक सीमित दिखाई देती हैं, जबकि धरातल पर जनता को उनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। जनहित के स्थान पर राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन एवं संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा माँ नर्मदा की गोद में बसे जबलपुर में आज भी लाखों नागरिक पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। लगभग 15 लाख की आबादी वाले शहर में केवल 35-40 टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति किया जाना नगर निगम की घोर प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है। सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है,थोड़ी वारिस में शहर जलमग्न हो रहा है ,नालियां बज बजा रही है, सीवर लाइन के कार्य अधूरा पड़ा है, शहर की मुख्य सड़कों, कॉलोनियों एवं बस्तियों में हजारों स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इससे अपराध एवं दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इसके बावजूद मेंटेनेंस के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं, यातायात व्यवस्था चौपट हो गई है, जनता को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है,

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि नगर निगम में सफाई व्यवस्था एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की चल रही है ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से नए टेंडर जारी नहीं किए जा रहे हैं। सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलता तथा स्वीकृत संख्या से कम कर्मचारियों से कार्य कराया जा रहा है, उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों से गोहलपुर पुलिया के चौड़ीकरण एवं निर्माण की मांग लंबित है। नगर निगम एवं शासन की उदासीनता के कारण क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कॉंग्रेस जनों ने निगम प्रशासन को ज्ञापन देते हुए कहा कि यह आंदोलन नहीं बल्कि जबलपुर शहर की पीड़ित जनता की आवाज़ है। यदि उपर्युक्त समस्याओं के निराकरण हेतु शीघ्र, ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, तो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जनप्रतिनिधियों एवं शहर की जनता लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों के तहत व्यापक जनआंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं जनजागरण अभियान चलाने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन एवं शासन की होगी। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री श्री तरुण भनोट , युवक कॉंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री यश घंघोरिया पूर्व अध्यक्ष श्री दिनेश यादव, कदीर सोनी, विक्रम सिंह, रूपेंद्र पटेल, कौशल्या गोटिया, अनुराग जैन, अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, अमर रजक, लखन प्रजापति, कल्लन गुप्ता, संजय साहू, गुलाम हुसैन, कलीम खान, बलवंत सिंह गुजर, प्रमोद पटेल, अभिषेक पाठक, अभिषेक चंदेल, रिंकू यादव, आसिफ़ इकबाल, संजय अहिरवार, अतुल बाजपेई, सरबजीत रील, आरिफ बेग, रितेश गुप्ता, रंजीत ठाकुर, सिद्धांत जैन, मेवा लाल पटेल, के साथ सेंकड़ों कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे!

# चलती कार में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, नाले में गिरी गाड़ी; मौके पर ही दर्दनाक मौत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। बुधवार देर रात एक दुखद सड़क हादसे में कार चालक 55 वर्षीय बबुआ हाजी की मौत हो गई। हनुमानताल निवासी बबुआ हाजी अपनी कार एमपी 20 सीबी 7666 से अमखेरा की तरफ जा रहे थे। गोहलपुर इलाके में पहुंचने पर उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ जो संभवतः हार्ट अटैक था। दर्द के कारण कार पर से उनका नियंत्रण पूरी तरह खत्म हो गया और वाहन सीधे सड़क किनारे बने गहरे नाले में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने फौरन मौके पर पहुंचकर उन्हें कार से बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही गोहलपुर थाना पुलिस दल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।





**चालक की अचानक तबीयत बिगड़ने से हुआ हादसा**

पुलिस की प्रारंभिक जांच और चश्मदीदों के बयानों से यह साफ हुआ है कि कार चालक को अचानक दिल का दौरा पड़ा था। जब बबुआ हाजी गोहलपुर से आगे निकल रहे थे तभी यह मेडिकल इमरजेंसी उनके साथ हुई। उस समय सड़क पर वाहनों का दबाव काफी कम था अन्यथा यह हादसा और भी बड़ा रूप ले सकता था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। गोहलपुर थाना प्रभारी रितेश पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया था। मृतक के परिजनों को कार के नंबर के माध्यम से दुर्घटना की जानकारी दी गई है।

**क्रेन बुलाकर नाले से बाहर निकाली गई कार**

हादसे के बाद कार नाले में पूरी तरह फंसी हुई थी जिसे निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस की निगरानी में क्रेन के जरिए मशक्कत के बाद कार को नाले से बाहर निकाला गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और गुरुवार को औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस अब इस पूरी घटना की बारीकी से जांच कर रही है ताकि दुर्घटना के हर पहलू को स्पष्ट किया जा सके। इलाके में इस दर्दनाक घटना की चर्चा है और हर कोई चालक की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त कर रहा है। प्रशासनिक स्तर पर भी इस सड़क मार्ग की सुरक्षा को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है।

**ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के दौरान चालक ने खोया नियंत्रण; चालक मौके से फरार**

# मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 40 घायल



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। सिहोरा थाना क्षेत्र के लमकना रोड स्थित आलासूर (सिमरिया) मोड़ के पास बुधवार सुबह करीब 11 बजे मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन में सवार करीब 40 मजदूर घायल हो गए। सभी मजदूर धान की रोपाई के लिए बहोरीबंद के पास स्थित अमाड़ी गांव से लहोद गांव जा रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पिकअप चालक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वाहन से उसका नियंत्रण हट गया और पिकअप सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल सिहोरा पहुंचाया गया। एक साथ बड़ी संख्या में घायल पहुंचने से अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। अधिकांश मजदूरों को मामूली चोटें आई हैं और सभी की हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।

# पूमा कंपनी के नकली कपड़े बेचने वाले दो होलसेलर पर मामला दर्ज

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। पूमा कम्पनी के नाम का उपयोग कर नकली कपडे, कैप, पर्स बेचने वाले 2 होलसेलर दुकान मालिकों के विरूद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दुकानदारों के कब्जे से नकली लोवर 322 नग, टीशर्ट 116 नग, सेन्डो टीशर्ट 80 नग, कैप 155 नग तथा पर्स 30 नग कीमती लगभग 1 लाख 90 हजार रूपये के जब्त किए। पुलिस ने बताया कि एल्यूडिकेशन एडवोकेट एण्ड सॉलिसिटर्स लॉ फार्म पता गोनेका अपार्टमेंट बेस्ट पंजाबी बाग न्यू दिल्ली के जांच अधिकारी मयंक शर्मा ने लिखित शिकायत की थी कि कोतवाली क्षेत्र में कपड़े की दुकानों पर पूमा कम्पनी के नाम पर हुबहू दिखने वाले नकली कपड़े एवं कैप, पर्स विक्रय किये जा रहे हैं। थाना प्रभारी कोतवाली मानस द्विवेदी ने बताया कि 15 जुलाई को अंधेरदेव जामा मस्जिद के पीछे होलसेलर विक्रेता एवं आरके.बेल्ट के होल सेलर विक्रेता की दुकान में दबिश दी। अग्रवाल स्पोर्ट होलसेलर की दुकान के अंदर दुकान संचालक ने अपना नाम जितेन्द्र अग्रवाल, रांझी बताया, जो दुकान में चैक करने पर पूमा कम्पनी के हुबहू दिखने वाले पूमा कम्पनी के नाम के नकली लोवर 322 नग, नकली टीशर्ट 116 नग, सेन्डो टीशर्ट 80 नग रखे मिला तथा आरके बेल्ट जामा मस्जिद के पीछे अंधेरदेव होलसेलर की दुकान के अंदर संचालक ने अपना नाम कमल मंगलानी, ग्वारीघाट बताया, जो तलाशी लेने पर पूमा कम्पनी की हुबहू दिखने वाली नकली कैप 155 नग तथा पूमा कम्पनी की हुबहू दिखने वाले नकली पर्स 30 नग जिसमें पूमा कम्पनी का लोगो लगा है। पूमा कम्पनी के नाम से विक्रय करना पाये गये। दोनों दुकान संचालक से पूमा कम्पनी के हुबहू दिखने वाले नकली लोवर, टीशर्ट, सेंडो,टीशर्ट, कैप, पर्स कीमती लगभग 1 लाख 90 हजार रूपये के जप्त करते हुये दोनों दुकान संचालक जितेन्द्र अग्रवाल व कमल मंगलानी के विरूद्ध धारा 51, 63 कॉपी राईट अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## सीएसडी कर्मचारी का मोबाइल छीना

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। सीएसडी डिपो में कार्यरत कर्मचारी का गत दिवस मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मोबाइल छीन लिया और भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

केण्ट पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात सुमित खोखर निवासी सीएसडी काम्पलेक्श ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमटीएस के पद पर सीएसडी डिपो में कार्यरत है। 15 जुलाई की रात लगभग 8-22 बजे वह सीएसडी काम्पलेक्श से अपने दोस्त परमजीत एवं परमीत के पास 20 खोली रेल्वे कालोनी में पैदल मोबाइल से बात करते हुये जा रहा था। तभी पीछे से मोटर सायकल में 2 अज्ञात लड़के आकर उसके हाथ से मोबाइल कीमती लगभग 20 हजार रूपये का छीन कर पुल नम्बर 2 पार करते हुये ओमती तरफ भाग गये।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2026-27/ एम 163/ दिनांक 16.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मुकेश यादव, पिता श्री मूलचंद यादव** संपत्ति पिन नं. 1000612626, भवन क्रं. 855 , **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** , भूतल 1200 व.फु.,**मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम भवन क्रं. 855 , **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** , पंजीकृत गृह स्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री तुलाराम के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2026-27/ एम 162/ दिनांक 16.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती दुर्गा देवी भार्गव, पति श्री बलराम भार्गव** संपत्ति पिन नं. 1000519790, भवन क्रं. 1848/पी-51 , **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड** , प्लाट 1000 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 400 व.फु.,**विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम भवन क्रं. 1848/पी-51, **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड** , पंजीकृत गृह स्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री अब्दुल युनुस, पिता श्री अब्दुल कुद्दूस खान के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2026-27/ एम 164/ दिनांक 16.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विजय प्रजापति, पिता श्री रमेश प्रजापति** संपत्ति पिन नं. 1004609665, भवन क्रं. प्लाट नं. 64/1ए, 64/1बी का भाग , **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** , प्लाट क्षेत्रफल 800 व.फु.,**विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम भवन क्रं. प्लाट नं. 64/1ए, 64/1बी का भाग , **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** ,पंजीकृत गृह स्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री नवीन कुमार गुप्ता, पिता श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2026/ 27/एम/117 दिनांक 16.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रमोद पटैल, पिता श्री रामनरेश पटैल** ने मकान नं.307/ एल- 12 नई बस्ती पिन. नं. 1000405395 **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 350 व.फु., , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री बसंत चौधरी, पिता स्व. श्री छोटेलाल चौधरी** ने भवन/ क्रमांक 1424 सम्पति कर आई.क्रं. 1000453672 **वार्ड राधा कृष्णन- 58 वार्ड,** क्षेत्रफल 300 व.फु., भूतल 300 व.फु., **शपथपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 1424 , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री शेख अब्दुल रहमान, पिता- शेख नजरूल इस्लाम** ने भवन/ क्रमांक 644 सम्पति कर आई.क्रं. 1000411176 **वार्ड मौलाना अब्दुल कलाम आजाद वार्ड,** क्षेत्रफल 329 व.फु., भूतल 329 व.फु., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 644 , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दीपक मड़के एवं श्री संदीप मड़के पिता स्व. श्री भगवान दास मड़के** ने भवन/ क्रमांक 26 गौतम नगर, सम्पति कर आई.क्रं. 1000465981 **वार्ड शीतला माई वार्ड,** क्षेत्रफल 1600 व.फु., भूतल 1600 व.फु., प्रथमतल 1300 व.फु. ,**शपथ पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 26 गौतम नगर, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती माया बाई जैन, पति स्व. श्री हुकुमचंद जैन एवं श्री अशोक कुमार जैन, पिता स्व. श्री हुकुमचंद जैन** ने भवन/ क्रमांक 74, सम्पति कर आई.क्रं. 1000371482 **वार्ड हनुमानताल- 24 वार्ड,** क्षेत्रफल 407 व.फु., भूतल 253 व.फु., प्रथमतल 154 व.फु. ,**मृत्यु प्रमाण पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 74, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उमा सराफ, पति स्व. श्री आनंद मोहन सराफ एवं श्रीमती शालिनी सराफ, पति स्व. श्री अभिषेक सराफ** ने भवन/ क्रमांक 569, सम्पति कर आई.क्रं. 1000453672 **वार्ड हनुमानताल- 24 वार्ड,** क्षेत्रफल 816 व.फु., भूतल 721 व.फु., प्रथमतल 165 व.फु. , **विक्रयपत्र, , मृत्यु प्रमाण पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 569, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08, भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2026-27/.... दिनांक- 15.07.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उमा सराफ, पति स्व. श्री आनंद मोहन सराफ एवं श्रीमती शालिनी सराफ, पति स्व. श्री अभिषेक सराफ** ने भवन/ क्रमांक 375, सम्पति कर आई.क्रं. 1000371578 **वार्ड हनुमानताल- 24 वार्ड,** क्षेत्रफल 880 व.फु., भूतल 880 व.फु., प्रथमतल 720 व.फु. , **विक्रयपत्र, वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन/ क्रमांक 375 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096